RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत
दैनिक समाचार पत्र
sancharjagat.com
editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 259 जयपुर, रविवार, 18 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 8

उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने अमृता हाट की महिला उद्यमियों को दिया डिजिटल मंत्र : 'डिजिटल ज्ञान से बनेगी आर्थिक उड़ान'

संचार जगत



जयपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशालय महिला अधिकारिता की ओर से जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में चल रहे राज्य स्तरीय अमृता हाट में भाग ले रही स्वयं सहायता समूहों की महिला उद्यमियों के लिए शनिवार को रंगायन सभागार में एक विशेष डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने शिरकत की। उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं को डिजिटल तकनीक अपनाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

वोकल फॉर लोकल, लोकल फॉर ग्लोबल

उन्होंने महिला उद्यमियों की सराहना करते हुए कहा कि अब महिलाएं नौकरी मांगती नहीं बल्कि कई अन्य महिलाओं को नौकरी देती हैं यह महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिए गए मंत्र 'वोकल फॉर लोकल, लोकल फॉर ग्लोबल' के अनुसार कार्य करना है, ताकि समूचे विश्व में आपके उत्पादों की मांग बढ़े और आपका व्यापार बढ़े। इसी से आप उद्यमशील महिलाओं को ग्लोबल बाजार उपलब्ध हो सकता है। राजस्थान की कला, हस्तशिल्प और आपके द्वारा बनाए गए उत्पाद बेजोड़ हैं,बहुत शानदार हैं, जरूरत है उसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए दुनिया तक पहुंचाने की।



वित्तीय और डिजिटल साक्षरता जरूरी

उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार में महिलाओं को वित्तीय रूप से साक्षर होना आवश्यक है। आज के समय में केवल उत्पाद बनाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसे सही बाजार तक पहुंचाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि पिछली बार राज्य स्तरीय अमृता हाट की विजिट के दौरान ज्ञात हुआ कि एसएचजी की महिलाएं अपने उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री बहुत कम करती हैं। इसी को ध्यान में रखकर हमने महिला अधिकारिता निदेशालय के माध्यम से डिजिटल मार्केटिंग के लिए यह वर्कशॉप आयोजित की है।

एसएचजी की महिलाओं का वित्तीय साक्षरता के साथ ऑनलाइन या डिजिटल मार्केटिंग करना आसान होगा।

हर प्रदर्शनी में होगा प्रशिक्षण

उप मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राज्य में राज्य स्तर और जिला स्तर पर जो भी प्रदर्शनियां आयोजित होंगी, उनमें इस प्रकार की डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण वर्कशॉप और वित्तीय साक्षरता की प्रशिक्षण कार्यशाला अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी, ताकि इन महिलाओं के द्वारा तैयार उत्पाद को डिजिटल बाजार की उपयोगिता समझ में आ सके और ये अपने उत्पादों को ज्यादा बेच सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, बैंकों और ई-कॉमर्स कंपनियों से भी आह्वान किया कि वे इन महिलाओं का उत्साहवर्धन करें और उनके व्यापार को आगे बढ़ाने में उनकी मदद करें। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप बिजनेस के उपयोग, उत्पादों की ऑनलाइन ब्रांडिंग, आकर्षक फोटो-वीडियो बनाना, डिजिटल प्रचार-प्रसार, ऑनलाइन पेमेंट, पैकेजिंग तथा ऑनलाइन ग्राहकों तक पहुँचने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाकर उनके आर्थिक सशक्तीकरण, स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना है। विशेष डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डिजिटल ज्ञान, आर्थिक उड़ान - सशक्त महिला, समृद्ध राजस्थान का संदेश मिला।

जयपुर में सजा 'डांडिया महारास 2026'

चार दिन तक गरबा और डांडिया की धूम









संचार जगत





जयपुर। गुलाबी नगरी जयपुर में नवरात्रि के उत्सवी माहौल को एक बार फिर खास बनाने के लिए 'डांडिया महारास 2026' का आगाज हुआ।

यह भव्य आयोजन 16 से 19 अक्टूबर तक जानकी पैराडाइज, गांधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर में हो रहा है द्य आयोजन में शहरवासियों को डांडिया, गरबा, संगीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।

'डांडिया महारास 2026' के रंगारंग कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के डायरेक्टर एवं फाउंडर पवन टांक में माता की आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की पहले दिन 'डांडिया महारास 2026' के मुख्य अतिथि रविंद्र प्रताप सिंह (अनंता ग्रुप व क्रेडाई के अध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि संचार जगत के सीएमडी आशु सिंह लाछडी ,होटल सफारी ग्रुप से पवन गोयल और शकुन ग्रुप के जे डी माहेश्वरी रहे। आयोजकों के अनुसार, इस वर्ष भी कार्यक्रम में पारंपरिक परिधान, गुजराती संस्कृति और उत्सवी माहौल का विशेष आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम में डांस प्रतियोगिताएं, बेस्ट कपल, बेस्ट कॉस्ट्यूम, बेस्ट डांसर और डांडिया किंग- क्वीन जैसे पुरस्कारों के साथ सेलिब्रिटी परफॉर्मेंस, डीजे म्यूजिक, फूड स्टॉल्स, फेस्टिव डेकोर और लकी ड्रॉ जैसी गतिविधियां भी शामिल रहेंगी। प्रतिभागियों के लिए आकर्षक उपहार और हैम्पर्स की व्यवस्था भी की गई है।

200 रुपए से एंट्री टिकट

कार्यक्रम के लिए सामान्य एंट्री टिकट 200 रुपए प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। वहीं, सिंगल बॉय के लिए टिकट 350 रुपए प्रतिदिन और वीआईपी एंट्री के लिए 400 रुपए प्रति व्यक्ति रखे गए हैं।

टिकटों की बुकिंग District और BookMyShow के माध्यम से की जा सकती है। इसके अलावा, जानकी पैराडाइज स्थित टिकट काउंटर पर ऑफलाइन टिकट भी उपलब्ध है।

शहरवासियों को मिलेगा उत्सव का मौका

'डांडिया महारास 2026' के माध्यम से जयपुरवासियों को संगीत, नृत्य और पारंपरिक संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। आयोजन में विभिन्न प्रायोजकों और सहयोगी संस्थानों की भागीदारी भी रही।

विधानसभा अध्यक्ष ने उदयपुर स्थित नौ देवी मंदिरों में किये दर्शन

युवा शक्ति को अराजकता से दूर रहने की मिले प्रेरणाः विधानसभा अध्यक्ष

संचार जगत

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी शनिवार को उदयपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहे। देवनानी ने शहर के नौ देवी मंदिरों में नव माता दर्शन कर प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि देवी के आशीर्वाद से देश के युवाओं की सर्जन शक्ति में बढ़ोतरी हो और उन्हें अराजकता से दूर रहते हुए देश की समृद्धि में अपना योगदान देनें की प्रेरणा मिले। साथ ही, संवैधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान की भावना उत्तरोत्तर बढ़ती रहे। देवनानी ने शहर के शक्तिपीठों पर पहुंचकर माता के दरबार में माथा टेका और श्रृद्धा अर्पित की। उन्होने मेलड़ी माता, आवरी माता, अम्बा माता, बेदला माता, घाटे वाली माता, कालका माता, हस्ती माता, करणी माता, काली माता हाथी पोल मंदिर में दर्शन किए और देवी का अर्चन किया। देवनानी प्रतिवर्ष नवरात्रि में त्रिपुरा सुंदरी और उदयपुर के शक्तिपीठों पर नव माता दर्शन के लिए आते हैं। इस अवसर पर उदयपुर महापौर पारस सिंघवी और पार्षद विजय आहुजा ने सर्किट हाउस में देवनानी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने शहर के विकास को लेकर अपना विजन सामने रखा। उदयपुर प्रवास के दौरान



विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने सिटी पैलेस पहुंच कर पूर्व राजपरिवार सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की माताश्री के निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

प्रकाश राज बोले-देश में लोकतांत्रिक तरीके से होगा रिजीम चेंज

नई दिल्ली आरएनएन। अभिनेता और सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश राज ने शुक्रवार को सरकार बदलने की मांग का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने साफ कहा कि भारत में यह बदलाव चुनाव और संवैधानिक तरीकों से होना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश से लेकर 2029 के लोकसभा चुनाव तक लोकतांत्रिक तरीके से लड़ाई जारी रखने की बात कही है। प्रकाश राज ने कहा कि हम सरकार को बदलना चाहते हैं और इस देश में उसे लोकतांत्रिक तरीके से बदलेंगे। उन्होंने भारत की तुलना नेपाल और बांग्लादेश से करते हुए कहा कि भारत के पास डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी, भगत सिंह और संविधान की विरासत है। उन्होंने वोट देने के अधिकार का भी जिक्र किया। प्रकाश राज ने कहा कि भारत नेपाल या बांग्लादेश नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे पास संविधान है। हमारे पास वोट देने और विरोध का भी अधिकार है। हम इसके जरिए ही रिजीम चेंज करेंगे।

रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना का 14वां चरण, 203 भूखण्डों के लिये ई- लॉटरी

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 के 14वें चरण में 203 औद्योगिक भूखण्डों के लिए ई-लॉटरी आयोजित की गई। 18 औद्योगिक भूखण्डों पर शीघ्र ही निर्णय किया जायेगा। इन 203 भूखण्डों का कुल क्षेत्रफल लगभग 91 एकड़ तथा अनुमानित मूल्य करीब 128 करोड़ रुपये है। इनके माध्यम से प्रदेश में 850 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश और 2,500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन की संभावना है। प्रत्यक्ष आवंटन योजना के 14वें चरण में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में निवेशकों ने रुचि दिखाई। इनमें प्रमुख रूप से धुनवाला (भीलवाड़ा) के 9 भूखण्डों के लिए 25 आवेदन, बोरानाडा एक्सटेंशन (बोरानाडा) के 5 भूखण्डों के लिए 33 आवेदन, थौलाई (जयपुर) के 15 भूखण्डों के लिए 17 आवेदन, गोगेलाव (नागौर) के 13 भूखण्डों के लिए 16 आवेदन तथा श्रीनगर टोडारायसिंह (सवाई माधोपुर) के 4 भूखण्डों के लिए 18 आवेदन प्राप्त हुए। प्रत्यक्ष आवंटन योजना के अंतर्गत राइजिंग राजस्थान के तहत राज्य सरकार के साथ एमओयू करने वाले निवेशकों को लाभ दिया जा रहा है। योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक भूखण्ड के लिए केवल एक आवेदन प्राप्त होने पर सीधे आवंटन का प्रावधान है, जबकि एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जाता है।

कोटा में एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कोटा में दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

चंबल नदी में अवैध खनन रोकने के लिए सख्त एवं प्रभावी मॉनिटरिंग हो सुनिश्चितः मुख्य सचिव

मुख्य सचिव से मिला निरीक्षण दल सीएस को जमीनी स्थिति से करवाया अवगत

आगामी 21 अक्टूबर को होगी स्टेट लेवल कमेटी की बैठक

संचार जगत



जयपुर। चंबल नदी में अवैध बजरी खनन की रोकथाम के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के संबंध में वन विभाग के अधिकारियों की कमेटी ने चंबल क्षेत्र के कोटा, बूंदी सवाई-माधोपुर, धौलपुर एवं करौली जिलों का निरीक्षण कर शनिवार को मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास से मुलाकात की।

मुख्य सचिव ने निर्देशों की पालना में अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण आनंद कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक पी. के. उपाध्याय एवं अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक के. सी. अरुण प्रसाद के दल ने कोटा,बूंदी सवाई-माधोपुर,धौलपुर एवं करौली जिलों में चंबल नदी में अवैध खनन के स्थानों की जमीनी स्थिति का निरीक्षण कर मुख्य सचिव को क्षेत्र की वस्तु स्थिति से अवगत करवाया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण आनंद कुमार ने कोटा, बूंदी एवं सवाई-माधोपुर जिलों के चंबल नदी में अवैध खनन क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने जिला टास्क फोर्स के अधिकारियों की बैठक कर अवैध खनन रोकथाम के प्रभावी एवं सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने वन विभाग को अवैध बजरी खनन की रोकथाम के लिए नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा वन कार्मिकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चंबल नदी के प्राकृतिक स्वरूप एवं पर्यावरणीय महत्त्व को संरक्षित रखने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से प्रभावी कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्य सचिव ने इस संबंध में आगामी 21 अक्टूबर को स्टेट लेवल कमेटी की बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

द्वितीय चरण की पांच पंचायत समितियों में संवीक्षा के बाद 273 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध

संचार जगत

जयपुर। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के द्वितीय चरण के तहत जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों में पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद 273 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने बताया कि द्वितीय चरण में शामिल पांच पंचायत समितियों के कुल 81 वार्डों के लिए 13 से 16 अक्टूबर तक 347 अभ्यर्थियों ने कुल 371 नामांकन पत्र दाखिल किए थे। संवीक्षा के बाद 93 नामांकन पत्र अस्वीकृत किए गए तथा 5 नामांकन पत्र डिस्कार्ड किए गए। इसके बाद वैध नामांकन पत्रों और वैध अभ्यर्थियों की संख्या 273-273 रही। उन्होंने बताया कि अमरसर के 15 वार्डों के लिए प्राप्त 80 नामांकन पत्रों में से 22 अस्वीकृत और 2 डिस्कार्ड किए गए। संवीक्षा के बाद 56 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। आमेर के 21 वार्डों के लिए प्राप्त 97 नामांकन पत्रों में से 23 अस्वीकृत किए गए तथा 74 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। जालसू के 15 वार्डों के लिए प्राप्त 64 नामांकन पत्रों में से 11 अस्वीकृत किए गए तथा 53 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। रामपुरा डाबड़ी के 15 वार्डों के लिए प्राप्त 56 नामांकन पत्रों में से 12 अस्वीकृत और 2 डिस्कार्ड किए गए। यहां 42 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। शाहपुरा के 15 वार्डों के लिए प्राप्त 74 नामांकन पत्रों में से 25 अस्वीकृत और 1 डिस्कार्ड किया गया तथा 48 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर 2026 को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के तुरंत बाद चुनाव चिह्नों का आवंटन और चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। द्वितीय चरण के लिए मतदान दलों का प्रस्थान 27 अक्टूबर को होगा तथा जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान 28 अक्टूबर 2026 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर आंगनवाड़ी में किया कन्या पूजन, 'शिशु संजीवनी' का किया शुभारंभ

संचार जगत

जयपुर। उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को विद्याधर नगर की आंगनबाड़ी में कन्या पूजन कर कन्याओं को हलवा खिलाया और उन्हें उपहार भेंट किये।

उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन भी किया तथा 'शिशु संजीवनी' पोषण आहार का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि विटामिन एवं खनिजों से समृद्ध पोषण से भरपूर यह पूरक आहार शिशु संजीवनी 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में दो बार दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि नंद घर वेदांता के सहयोग से बच्चों को यह पूरक आहार उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक सशक्त राजस्थान की नींव स्वस्थ बच्चों और सशक्त बेटियों से ही रखी जा सकती है। राज्य सरकार चाहती है कि छोटे बच्चों की सामयिक वृद्धि, समुचित विकास और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जाए।

बाल पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल को बेहतर बनाने के लिए नंद घर की ओर से भी प्रयास किये जा रहे हैं।





प्रथम चरण के मतदान हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में ईवीएम की हुई कमीशनिंग,

जयपुर। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज आम चुनाव 2026 के अंतर्गत प्रथम चरण की पंचायत समितियां गोबिंदगढ़, चौमू, किशनगढ़ रेनवाल, जोबनेर, झोटवाड़ा सांभरलेक, दूदू तथा मौजमाबाद सहित 8 पंचायत समितियां के 797 बूथों (794 मतदान केंद्र एवं 3 सहायक मतदान केंद्र) कि ईवीएम की कमीशनिंग शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक के निर्देशन में भवानी निकेतन के फार्मेसी कॉलेज परिसर में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज सिंह मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर चतुर्थ आशीष कुमार सहित संबंधित ईआरओ की उपस्थिति में संपन्न हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पंचायत राज चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 22 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से शाम 6 तक होगा।



चिह्नित मतदाता सूचियों की कार्यकारी प्रतियों के जांच कार्य का किया जिला निर्वाचन

794 मतदान केंद्रों के लिए होगी 7094 मतदाता सूचियां तैयार

संचार जगत

जयपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने प्रथम चरण के लिए जिला सांख्यिकी कार्यालय में चल रही मतदाता सूचियों के जांच कार्य का शनिवार को औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्रथम चरण में झोटवाड़ा, किशनगढ़-रेनवाल, जोबनेर, चौमूं, दूदू, मौजमाबाद, सांभर व गोविन्दगढ़ पंचायत समितियों के कुल 794 मतदान केंद्रों हेतु कुल 7940 मतदाता सूचियों की जांच चिह्नित मतदाता प्रकोष्ठ में चल रहे कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया एवं कार्मिकों को मतदाता सूचियों में विलोपित सूची को लाल स्याही से क्रॉस करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूचियों की गहनता से जांच करने के निर्देश भी प्रदान किए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर चतुर्थ आशीष कुमार, उप जिला अधिकारी मेघराज सिंह मीणा, सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी अधिकारी सांख्यिकी प्रकोष्ठ बाबूलाल मीणा सहित चुनाव कार्य में लगे हुए अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान झोटवाड़ा स्थित एसके एंटरप्राइजेज के प्लांट पर कार्रवाई

बेकरी शॉर्टनिंग' के नाम पर विभिन्न ब्रांडों के तहत उत्पाद का निर्माण एवं बिक्री किए जाने का मामला, 2,699.2 किलो बेकरी शॉर्टनिंग सीज

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन तथा प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ के निर्देशन में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत कार्रवाई लगातार जारी है।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार, अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के मार्गदर्शन एवं संयुक्त आयुक्त वी.पी. शर्मा के पर्यवेक्षण में केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने जयपुर के झोटवाड़ा स्थित एम/एस एसके एंटरप्राइजेज के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट पर कार्रवाई की गई।





2,699.2 किलो उत्पाद सीज

खाद्य सुरक्षा दल ने नमूने लेने की कार्रवाई के साथ बाजार में बिक्री के लिए तैयार 2,699.2 किलोग्राम बेकरी शॉर्टनिंग को सीज किया। विभाग की सतर्कता से त्योहारी सीजन में इस उत्पाद की बिक्री पर जांच पूरी होने तक रोक लगाई गई है।

उत्पाद की गुणवत्ता और नियमानुसार लेबलिंग से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

बेकरी शॉर्टनिंग के नाम पर तैयार हो रहा था उत्पाद

निरीक्षण के दौरान 'बेकरी शॉर्टनिंग' के नाम पर चंचल, नेहा गोल्ड और जय श्री गोल्ड सहित विभिन्न ब्रांडों के तहत उत्पाद का निर्माण एवं बिक्री किए जाने का मामला सामने आया। विभाग ने उत्पाद की प्रकृति, लेबलिंग और खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन को लेकर जांच शुरू की है।

खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह ने कहा कि खाद्य पदार्थों के नाम या लेबल की आड़ में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि जांच के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट पर रोक लगाने के लिए अभियान के तहत निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई जारी रहेगी।

दिया कुमारी ने महिला उद्यमियों को दिया डिजिटल मंत्र



संचार जगत

जयपुर। जवाहर कला केन्द्र में चल रहे राज्य स्तरीय अमृता हाट में रंगायन सभागार में डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी जी ने महिलाओं को डिजिटल तकनीक अपनाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि व्यापार में वित्तीय साक्षरता आवश्यक है, अतः महिलाओं को वित्तीय रूप से साक्षर होना भी बहुत जरूरी है। आज के समय में केवल उत्पाद बनाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसे सही बाजार तक पहुंचाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एसएचजी की महिलाएं अपने उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री बहुत कम करती हैं। इसी को ध्यान में रखकर महिला अधिकारिता निदेशालय के माध्यम से डिजिटल मार्केटिंग के लिए यह वर्कशॉप आयोजित की है। इस मौके पर उन्होंने महिला उद्यमियों की सराहना करते हुए कहा कि अब आप महिलाएं नौकरी मांगती नहीं बल्कि कई अन्य महिलाओं को नौकरी देती हो। यह महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राज्य और जिला स्तर पर जो भी प्रदर्शनियां आयोजित होंगी, उनमें इस प्रकार की डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण वर्कशॉप और वित्तीय साक्षरता की प्रशिक्षण कार्यशाला अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी।

एलपीजी को डीपीएनजी में शिफ्ट करने का अभियान शुरु

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान स्टेट गैस ने इस साल 31 दिसंबर तक परिवारों को पाइपलाइन से घरेलू प्राकृतिक गैस सुविधा से जोड़ने का अभियान शुरु किया है। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार एलपीजी कनेक्शनों को डीपीएनजी कनेक्शनों में बदलने पर जोर देते हुए एलपीजी फ्री जोन बनाने पर फोकस कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा पीएनजीआरबी ड्राइव 3 के विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक घरों को पीएनजी सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। पाटनी से आरएसजीएल के अधिकारियों से वर्चुअल बैठक में बताया कि भारत सरकार के पीएनजीआरबी द्वारा देशभर में अभियान चलाकर नागरिकों को जागरुक करने और डीपीएनजी सुविधा से जोड़ने का निर्णय किया गया है। अभियान के दौरान संरचनागत विकसित क्षेत्र के परिवारों को सीधे एवं विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर डीपीएनजी सुविधा से जोड़ा जाएगा। कोटा की बहुमंजिली इमारतों, गैस्ट हाउसों, पेइंग गैस्ट हाउसों, हॉस्टलों के साथ ही क्षेत्र के होटलों, रेस्टोरेंट आदि व्यावसायिक संस्थाओं के साथ औद्योगिक क्षेत्रों में पाइपलाइन से प्राकृतिक गैस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

रिटायर्ड एडीजी को ठगने वाला जिम ट्रेनर गिरफ्तार

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान पुलिस के साइबर विंग ने हाई-टेक साइबर अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। जयपुर निवासी भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण से सेवानिवृत्त अतिरिक्त महानिदेशक को मनी लॉन्ड्रिंग और फर्जी मुकदमों का डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट करने और 2.12 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे से एक प्रमुख आरोपी को दबोच लिया है। पकड़ा गया आरोपी रवींद्र जितेंद्र प्रसाद सिंह पेशे से जिम ट्रेनर है। इस गिरोह के अब तक कुल 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) विजय कुमार सिंह ने बताया कि शातिर ठगों ने 9 से 18 अगस्त 2026 के बीच पीड़ित रिटायर्ड अधिकारी को निशाना बनाया था। मामले के अनुसार आरोपियों ने खुद को पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों का बड़ा अफसर बताकर उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का गंभीर केस दर्ज होने और गिरफ्तारी वारंट जारी होने की धमकी दी गई।

सेवा सेतु अभियान में 3774 मामलों का किया निस्तारण

संचार जगत



जयपुर। सेवा सेतु अभियान के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर संपन्न हो गए हैं। इस अभियान के दौरान जेडीए ने लोगों को विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने और उनके मामलों का तुरंत निस्तारण करने पर विशेष ध्यान दिया। अभियान में 3 हजार 774 मामलों का निस्तारण किया गया। जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि शिविरों में लीजहोल्ड पट्टों से संबंधित मामलों में तुरंत कार्रवाई करते हुए आवेदकों को राहत प्रदान की गई। शिविर में आवेदन करने पर एक घंटे में ही पट्टे जारी किए गए। उन्होंने बताया कि सेवा सेतु अभियान के माध्यम से नागरिकों को सरल, सुलभ और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। जेडीए परिसर स्थित नागरिक सेवा केन्द्र में सात से सोलह अक्टूबर तक जोनवार शिविर आयोजित किए गए।

सरकार ने गांवों की तस्वीर बदलने का रोडमेप किया तैयार

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान के गांवों की तस्वीर बदलने के लिए भजनलाल सरकार ने विकास का बड़ा रोडमैप तैयार किया है। जल संरक्षण से लेकर पक्की सड़कों तक, स्कूलों में बेहतर सुविधाओं से लेकर हाई-स्पीड इंटरनेट तक, सरकार का फोकस ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर है। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत अगले पांच वर्षों में लाखों वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाने और पुराने जलस्रोतों के पुनर्जीवन का लक्ष्य रखा गया है। सरकार की विकास योजनाओं के तहत अगले पांच वर्षों में 5 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए और पुनर्जीवित किए जाएंगे। इसमें चेकडैम, खेत-तालाब और लंबे समय से उपेक्षित तालाबों एवं बावड़ियों का जीर्णोद्धार भी शामिल है। इसका उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण करना और ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता को बेहतर बनाना है। वहीं, विकसित राजस्थान और विकसित भारत के विजन के तहत एक हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में पार्क, ओपन जिम और आधुनिक खेल सुविधाओं वाले मैदान विकसित करने की योजना है। इन गांवों में हाई-स्पीड इंटरनेट के साथ अटल ज्ञान केंद्र भी तैयार किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को डिजिटल सुविधाओं का लाभ मिल सके। शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने सरकारी स्कूलों की सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया है। योजना के अनुसार, स्कूलों में बेहतर कक्षाएं, खेल सुविधाएं और जरूरी बुनियादी ढांचे को विकसित किया जा रहा है। दस्तावेज में 15 हजार स्कूल भवन, 35 हजार क्लासरूम और 20 हजार टॉयलेट बनाने का भी उल्लेख है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल और अन्य सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना भी शामिल है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन आसान बनाने के लिए सरकार करीब 19 हजार किलोमीटर मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण और ग्रामीण बस्तियों को मुख्य सड़कों से जोड़ने पर भी काम कर रही है। इसमें अन्य जिला सड़कों का नेटवर्क भी शामिल हैं।

एसआई भर्ती परीक्षा पेपरलीक का आरोपी गिरफ्तार



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपरलीक केस में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी सुनील भादू ने पेपर लीक गिरोह के सदस्य भूपेंद्र सारण और सुरेश ढाका के साथ मिलकर परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को लीक हुआ सॉल्वड पेपर पढ़ाया था। जांच के अनुसार, आरोपी ने इस पूरे मामले में हैंडलर की भूमिका निभाई थी। एसओजी ने आरोपी को 15 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

वसुंधरा राजे ने किया वृक्षारोपण

संचार जगत



जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत मानसरोवर स्थित शिव एन्क्लेव में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने पहुंचकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा परिवार से जुड़ी दीक्षा खंडेलवाल के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों की भावना को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण और हरित वातावरण के निर्माण का संदेश दिया गया।

जमीन का रूपांतरण होगा ऑनलाइन

जयपुर(संचार जगत)। अब जमीन का रूपांतरण कराने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। राज्य सरकार ने इसकी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है और नए नियमों के तहत आवेदन वाले दिन ही अनुमति आदेश जारी हो जाएगा। ये नए नियम 2 नवंबर 2026 से लागू होंगे। इनके तहत कृषि जमीन का इस्तेमाल मकान, दुकान, उद्योग, अस्पताल, पर्यटन, खेल परिसर, खाद्य प्रसंस्करण और सोलर प्रोजेक्ट जैसे 14 तरह के कामों के लिए किया जा सकेगा। गलत जानकारी या फर्जी दस्तावेज देने पर प्रीमियम का दोगुना जुर्माना लग सकता है। वहीं, बिना अनुमति कृषि जमीन का दूसरे काम में इस्तेमाल करने पर चार गुना जुर्माना देना पड़ सकता है। जमीन का रूपांतरण होने के बाद भी निर्माण शुरू करने से पहले ले-आउट और भवन निर्माण की मंजूरी लेना जरूरी होगा।

बौद्धिक क्षमताओं के विकास से युवा समृद्ध, संपन्न होंगे-राज्यपाल

संचार जगत



जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षा को विवेक, समझदारी और ज्ञान से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में उत्तीर्ण होने का अर्थ जीवन में सफल होना नहीं है। जीवन की सफलता बौद्धिक क्षमताओं के विकास से होती है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य की भावना का विकास हर व्यक्ति में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस भावना से ही जवाबदेही बढ़ेगी। राज्यपाल बागडे एक निजी विश्वविद्यालय में इण्डियाज इन्टरनेशनल मूवमेंट टू यूनाईट नेशन के अंतर्गत जेन जेड और जेन अल्फा द्वारा शिक्षा और समाधान विषयक संवाद में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण पाया है। इसमें बहुत ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों को प्रतिभाशाली बनाना है तो सामान्य ज्ञान से विद्यार्थी जुड़े। इसी से बच्चे बौद्धिक रूप में विकसित हो सकेंगे। बागडे ने एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए सभी बच्चों को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए हर बच्चे को पेड़ लगाने और उनकी सार संभाल करने की आवश्यकता जताई।

अवैध एल्कलाइन ड्रिंकिंग वॉटर निर्माण इकाई सीज

संचार जगत



जयपुर। दीपावली पर्व के मद्देनजर आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी के निर्देशन तथा अभिहित अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के मार्गदर्शन में गोविंदगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 स्थित लाइफलाइन सेल्स की एल्कलाइन ड्रिंकिंग वॉटर निर्माण इकाई पर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान इकाई बिना खाद्य अनुज्ञा पत्र के संचालित पाई गई। यहां एल्कलाइन ड्रिंकिंग वॉटर की पैक बोतलों पर अलग-अलग नामों के स्टीकर चस्पा मिले। निरीक्षण के दौरान इकाई में पानी की जांच रिपोर्ट, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, पेस्ट कंट्रोल संबंधी दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक अभिलेख भी उपलब्ध नहीं मिले। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल ने मौके से एल्कलाइन ड्रिंकिंग वॉटर का एक नमूना जांच हेतु लिया। साथ ही लगभग 96 हजार बोतलों एवं निर्माण परिसर को सीज किया गया। अभियान के तहत मुरलीपुरा स्थित शिव ट्रेडिंग कंपनी से सरसों के तेल तथा नवीन ट्रेडिंग से बादाम एवं काली मिर्च के नमूने लिए।

जयपुर में 6 साल के बच्चे का किडनैप

संचार जगत




जयपुर। जयपुर में 6 साल के बच्चे की किडनैपिंग का मामला सामने आया है। बाइक पर आए दो बदमाश शुक्रवार दोपहर मासूम को उठा ले गए। मासूम बड़ी बहन के साथ पानी लेने गया था। वारदातस्थल पर लगे फुटेज में किडनैपर्स की करतूत कैद मिली। शिवदासपुरा थाना पुलिस की ओर से फुटेज के आधार पर किडनैप मासूम की तलाश शुरु कर दी है। एएसआई घनश्याम ने बताया- शिवदासपुरा के बीलवा निवासी 27 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह शादी के बाद अपनी पत्नी और 6 वर्षीय बेटे और 4 साल की बेटी के साथ रहता था। 6 जुलाई-2026 को उसकी पत्नी रहस्यमयी तरीके से लापता हो गई। 25 वर्षीय पत्नी के लापता होने पर शिवदासपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई। आरोप है कि पिछले करीब 3 महीने बीतने के बाद भी लापता पत्नी को पुलिस ढूंढ नहीं सकी। पीड़ित का कहना है कि मैंने पत्नी के नाम करीब 3 करोड़ की प्रॉपर्टी कर रखी है। जानकारी करने पर पता चला कि उसके ही दोस्त राकेश ने उसे धोखा दिया। अपनी बातों में फंसाकर पत्नी को भगा ले गया। काफी ढूंढने की कोशिश के बाद भी दोनों का पता नहीं चला। आरोप है कि दोस्त राकेश के परिवार की ओर से उसे ही धमकाया गया।

द्वारका अपार्टमेंट्स में सजेगा डांडिया दरबार

शॉपिंग और फूड स्टॉल्स होंगे मुख्य आकर्षण

संचार जगत






जयपुर। जयपुर के मानसरोवर इलाके में स्थित द्वारका अपार्टमेंट्स में डांडिया उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। द्वारका परिसर में आज डांडिया नाइट 2026 का आयोजन किया गया है। अपार्टमेंट्स में जी-ब्लॉक के सामने होने वाले इस उत्सव को लेकर निवासियों में भारी उत्साह है। इस बार डांडिया नाइट सिर्फ डांस और संगीत तक ही सीमित नहीं होगी, बल्कि यहां लगने वाले विभिन्न प्रकार के शॉपिंग और फूड स्टॉल्स इस शाम को और भी खुशनुमा बनाएंगे। आयोजकों के अनुसार उत्सव की शुरुआत दोपहर तीन बजे से शुरु होगी जो रात 11 बजे तक चलेगी। लोगों को एक ही जगह त्योहार की खरीदारी के साथ खानपान और स्वाद की विशेष तैयारियां की गई हैं। आरडब्ल्यूए और आयोजन समिति ने सभी निवासियों से परिवार, बच्चों और दोस्तों के साथ पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर इस डांडिया नाइट का हिस्सा बनने की अपील की है। रंग-बिरंगी रोशनी, डांडिया की खनक, सुरीले संगीत और लजीज खान-पान के साथ द्वारका अपार्टमेंट्स के मनोरंजन के इतिहास में एक यादगार अध्याय जोड़ने के लिए तैयार है।

राजस्थान में गुलाबी ठंड का होने लगा अहसास

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान में मौसम ने करवट ले ली है और लोगों को अब ठंड का अहसास होने लगा है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई, तेज हवाएं चलीं और तापमान में 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर, जोधपुर, अजमेर, पाली, दौसा और अलवर में बारिश हुई, तो वहीं भरतपुर, धौलपुर, टोंक और करौली में भी तेज हवाओं के साथ बारिश देखने को मिली। सबसे ज्यादा असर अलवर में देखने को मिला, जहां दिन के तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बीकानेर और सीकर के फतेहपुर में भी पारा 6 डिग्री तक लुढ़क गया। मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं है। अगले 4 से 5 दिनों में तापमान में मामूली बढ़ोतरी भी हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अक्टूबर के आखिरी दिनों और नवंबर के पहले सप्ताह में पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। इसका असर राजस्थान पर भी पड़ेगा और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में फिर गिरावट आ सकती है।

आमेर पहाड़ी पर मिला शव

जयपुर(संचार जगत)। आमेर थाना इलाके में शनिवार दोपहर हांडीपुरा स्थित पहाड़ी पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय महेश शर्मा निवासी पातलवास आंधी के रूप में हुई है, जो प्राइवेट बस चलाने का काम करता था। एसीपी (आमेर) प्रोबेशनर आईपीएस प्रतीक सिंह ने बताया कि महेश पिछले 6 दिनों से लापता था और परिजनों द्वारा इस संबंध में 12 अक्टूबर को ब्रह्मपुरी थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई थी। जांच में सामने आया कि महेश 11 अक्टूबर की सुबह गांव से सवारी लेकर जयपुर के लिए निकला था, जिसके बाद रात को उसका मोबाइल बंद हो गया था।

जयपुर पुलिस का साइबर ठगों पर बड़ा प्रहार, 21 गिरफ्तार

संचार जगत



जयपुर। जयपुर दक्षिण पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण आईपीएस राजर्षि राज के निर्देशन में चलाए गए विशेष 'म्यूल हंटर' अभियान के दौरान पुलिस ने देशव्यापी साइबर वित्तीय घोटालों में लिप्त 21 शातिर साइबर अपराधियों को दबोचने में सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई के तहत लगभग 18.5 करोड़ रुपये से अधिक की देशव्यापी ठगी का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी ऑनलाइन धोखाधड़ी, कमीशन के लालच में फर्जी बैंक खाते (म्यूल अकाउंट्स) बेचने और खुद को फर्जी सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को ठगते थे। इसके अलावा ओएलएक्स पर सस्ती गाड़ियों का झांसा देने और सोशल मीडिया पर फर्जी पेज बनाकर रकम ऐंठने जैसे हथकंडे भी अपनाए जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में मोबाइल फोन, बैंक चेकबुक, पासबुक, एटीएम व डेबिट कार्ड, फर्जी आधार व पैन कार्ड और एक लग्जरी कार बरामद की है। जयपुर दक्षिण पुलिस द्वारा इस पूरे नेटवर्क के अन्य अंतरराज्यीय संपर्कों की गहन जांच जारी है।

रोडवेज के 19 कर्मचारियों ने नौकरी छोड़ी



संचार जगत

जयपुर। पिछले 3 महीने में राजस्थान रोडवेज के 19 कंडक्टरों ने इस्तीफा दे दिया है। इनमें कई ऐसे हैं, जिनका सिलेक्शन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (ग्रेड फोर्थ) की भर्ती में हो गया। यानी उन्होंने कंडक्टर के पद की जगह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर जाने का फैसला किया। कुछ कर्चारियों को चिकित्सा विभाग, शिक्षक भर्ती और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में भी नौकरी मिली है, जबकि कुछ ने पढ़ाई जारी रखने, परिवार और स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला दिया है। रोडवेज ने इन 19 कंडक्टरों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं।

जयपुर में 400 शॉप बंद कर सड़क पर उतरे दुकानदार

संचार जगत



जयपुर। जयपुर में ट्रैफिक पुलिस की ओर से लागू वन-वे व्यवस्था के विरोध में दुकानदार सड़क पर उतर आए हैं। शुक्रवार सुबह सुभाष चौक से बड़ी चौपड़ तक व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर विरोध जताया। सुभाष चौक व्यापार मंडल के नेतृत्व में करीब 155 दुकानें बंद रखी गईं। व्यापारी वन-वे व्यवस्था के खिलाफ ज्ञापन देने के लिए बड़ी चौपड़ पहुंचे, जहां विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सुभाष चौक व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल और महामंत्री महावीर शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था का विरोध किया। व्यापार मंडल के महासचिव कमलेश शर्मा ने बताया कि वन-वे लागू होने के बाद क्षेत्र में ग्राहकों की आवाजाही काफी कम हो गई है। इसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है। महामंत्री महावीर शर्मा का कहना है कि त्योहार के समय बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद रहती है, लेकिन वन-वे व्यवस्था के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने व्यवस्था में बदलाव की मांग करते हुए ज्ञापन देने और विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। दुकानें बंद रखने के बाद व्यापारी बड़ी चौपड़ की ओर रवाना हुए। यहां वन-वे व्यवस्था के खिलाफ ज्ञापन देकर अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखी जाएंगी। व्यापारियों की मांग है कि ऐसी यातायात व्यवस्था बनाई जाए, जिससे ट्रैफिक संचालन के साथ बाजार में ग्राहकों की आवाजाही और व्यापार भी प्रभावित नहीं हो।

संपादकीय

वास्तविकताओं से परे


सियासत की अंकतालिका में हिमाचल का नागरिक समाज जिन मुद्दों का मुरीद हो रहा है, वहां प्रदेश की वित्तीय स्थिति घायल व अपाहिज हो चुकी है। आश्चर्य यह कि नागरिक समाज न तो संघर्ष की सतह पर खड़ा हो पाता है और न ही प्रदेश के किरदार में जगह ढूंढ पाता है, लिहाजा इसे आती जाती सरकारों से सियासी खुराक चाहिए। राजनीति यहां पांच साल की खुराक में नागरिक समाज की औकात बता देती है और जहां रीढ़ विहीन मिन्नतें दरबारी बन जाती हैं। समाज केंचुआ प्रवृत्ति को भांपते हुए सियासी मुद्दों की कौन सी समीक्षा करेगा। थोड़ा सा फर्क सोशल मीडिया के कारण जरूर आया है और इसीलिए हकीकत के सामने 'मुखौटे' बेपर्दा होने लगे हैं। अभी हाल ही में जिलों की नई वकालत में प्रदेश के पुराने सारे संदर्भ और परिस्थितियां गुम होने लगी हैं, तो ताजुब्ब नहीं होना चाहिए कि समाज दिन में सपने देखकर अपने अंधेरों को गुमराह करने लगा है। आश्चर्य यह है कि समाज पंचायत जैसी इकाई की कार्यपद्धति में अप्रासंगिक होते हुए भी, यह मनोकामना करता है कि सरकार कुछ नए स्तंभ बनाए, घोषणाओं की मशहूरी करे या ऐसी खुशखबरी सुनाए जो वास्तविकताओं से परे स्वप्न नगरियों का उदय जैसा है। ऐसी ही स्वप्न नगरी से इस बार चादर हटाई तो सामने नए जिलों के सपनों के आगे जनता भीख मांगती नजर आएगी। आप जितनी गिनती कर सकते हैं, उतने जिले उकेर दो। कम से कम सोशल मीडिया के तलबगार तो कह रहे हैं कि हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक नया जिला निकल आए। यानी आगामी चुनाव की जीत-हार के लिए कोई न कोई जिला चाहिए। कभी नया स्कूल खोलकर वोट आते थे, फिर मतों ने नए कालेज खोले। मतदाता की ख्वाहिशें बढ़ीं तो विश्वविद्यालयों के परिसर राजनीति के टुकड़ों में बंट गए या चुनाव की हथेलियों पर मेडिकल कालेज रख दिए गए। देखना यह है कि अब जबकि कई शिक्षण संस्थान अप्रासंगिक हो गए, तो वोटर के मन का सौदा कैसे करें। हमारे विभाग और विभागीय मंत्री हर बार मतदाता से होली खेलते हुए इतने ही नए कार्यालय, सरकारी होटल, बस डिपो, डिस्पेंसरियां, पशु औषधालय खोल चुके हैं कि अब शतरंज का मोहरा किसे बनाया जाए। जाहिर है इस खेल का माहिर आम नागरिक नहीं होता। इसलिए एक नया रूपजाल सामने आया, वरना जिस प्रदेश के कंधों पर एक लाख करोड़ के करीब कर्ज हो, उसको नए जिलों की तालियां अभिशप्त ही करेंगी। जाहिर है हिमाचल पर चढ़ा सारा ऋण सियासी प्राथमिकताओं की वजह से आज भयावह स्थिति तक पहुंच गया है। हमारे यहां सरकारी कर्मचारी व पेंशनभोगी करीब साढ़े चार से पांच लाख के करीब हैं, लेकिन इसकी राजनीतिक गणना से प्रदेश का सत्तर फीसदी बजट अर्पित हो रहा है।

गरीबी से भी बचा रही आयुष्मान योजना

मोदी सरकार ने भारतीय समाज में जनस्वास्थ्य और गरीबी के अंतःसंबंधों को समझते हुए जिस आयुष्मान भारत योजना का आरंभ किया था, वह निर्धन, पिछड़े और जरूरतमंद वर्गों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना के अनेक आयाम हैं। आयुष्मान भारत योजना मात्र एक स्वास्थ्य बीमा योजना नहीं। यह एक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन एवं समान अवसर से जोड़ने की एक सामाजिक नीति भी है। इस योजना का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक रूप से वंचित लोगों को स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उन्हें गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करना है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का उद्देश्य प्रत्येक वर्ग तक उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित करना है। सीमांत पर बसे सामाजिक समूहों में इस योजना के सामाजिक प्रभाव के अध्ययन के दौरान इस योजना के आधार तल पर पड़ने वाले प्रभावों का साकार रूप देखने को तो मिला ही, साथ ही इस योजना के बहुल प्रभावों को समझने में मदद भी मिली।

गांवों में अपने फील्ड वर्क के दौरान मैंने पाया कि यह योजना समाज में वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाल रही है। यह योजना स्वास्थ्य बीमा द्वारा उनके जीवन की रक्षा तो कर ही रही है, साथ ही साथ उन्हें गरीबी और कर्ज के दुष्चक्र से भी बचा रही है। इस योजना के चलते गंभीर बीमारियों का निःशुल्क उपचार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण व्यक्तियों की कार्यक्षमता में सुधार और वृद्धि दर्ज की गई है। इससे लोगों का पारिवारिक जीवन सुगम होता है और वे सामाजिक, आर्थिक दायित्वों की पूर्ति में सक्षम होते हैं।

आयुष्मान योजना के सहयोग से लाभार्थी व्यक्ति उचित स्वास्थ्य लाभ के पश्चात अपने सामाजिक-आर्थिक जीवन में पुनः वापस लौट पाता है और गुणवत्तापूर्ण जीवन प्राप्त करता है। इस प्रकार यह योजना स्वास्थ्य सुरक्षा द्वारा व्यक्ति की सामाजिक एवं आर्थिक सहभागिता, दोनों को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है। इस योजना का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव यह है कि यह सामाजिक समावेशन एवं स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं को कम करने का प्रभावी माध्यम बन रही है। भारतीय समाज और विशेषतः ग्रामीण समाज में जहां संरचनात्मक असमानताएं व्यापक स्तर पर देखने को मिलती हैं, वहां इस योजना के माध्यम से अस्पतालों की



यह योजना स्वास्थ्य बीमा द्वारा उनके जीवन की रक्षा तो कर ही रही है, साथ ही साथ उन्हें गरीबी और कर्ज के दुष्चक्र से भी बचा रही है। इस योजना के चलते गंभीर बीमारियों का निःशुल्क उपचार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण व्यक्तियों की कार्यक्षमता में सुधार और वृद्धि दर्ज की गई है। इससे लोगों का पारिवारिक जीवन सुगम होता है और वे सामाजिक, आर्थिक दायित्वों की पूर्ति में सक्षम होते हैं। आयुष्मान योजना के सहयोग से लाभार्थी व्यक्ति उचित स्वास्थ्य लाभ के पश्चात अपने सामाजिक-आर्थिक जीवन में पुनः वापस लौट पाता है और गुणवत्तापूर्ण जीवन प्राप्त करता है।

उपलब्धता, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, सामाजिक भेदभाव से परे व्यापक स्तर पर कमजोर एवं वंचित वर्गों को गुणवत्तापूर्व स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। इस योजना के माध्यम से गंभीर बीमारी में निःशुल्क उपचार वंचित समुदाय के जीवन में जीवन की एक नई रोशनी पैदा कर रहा है। भारत में गरीबी की दर धीरे-धीरे कम होती जा रही है, किंतु अभी भी कुल जनसंख्या का 12.4 प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे वास करता है। इस गरीबी में स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च की बड़ी भूमिका होती है। भारत में स्वास्थ्य पर किए जाने वाले संपूर्ण व्यय का 62.6 प्रतिशत लोग अपनी जेब से करते हैं। स्वास्थ्य पर अपनी जेब से किए जाने वाले खर्च में तुलनात्मक रूप से भारत दुनिया का सबसे अग्रणी देश है। स्वास्थ्य पर अपने पास से किए जाने वाले खर्च ने भारत में गरीबी के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई है। जब कोई निर्धन व्यक्ति बीमार पड़ता है तो कई बार वह सूदखोरों से कर्ज लेता है। समाज के वंचित वर्ग के लोग बड़ी संख्या में कर्ज सूदखोरों और अनौपचारिक मध्यमों से ही लेते हैं।

नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन के एक आंकड़े के अनुसार भारत की गरीबी में लगभग 2.61 प्रतिशत की वृद्धि स्वास्थ्य संबंधी खर्चों के कारण होती है। इलाज की खातिर लिया जाने वाला कर्ज चक्रवृद्धि ब्याज की तरह बढ़ता जाता है। यदि गरीब परिवार का कोई सदस्य लंबे समय तक बीमार रहकर घर या अस्पताल में रहने को बाध्य होता है तो इससे आय सृजन न हो पाने के कारण वह परिवार गरीबी की खाई में धंसता जाता है। भारत सरकार ने इन्हीं स्थितियों को समझते हुए आयुष्मान भारत योजना का आरंभ किया। आयुष्मान भारत योजना के तहत हर गरीब परिवार को साल भर में पांच लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज सरकारी और सूचीबद्ध अस्पतालों में मिलता है। एक आंकड़े के अनुसार अब तक कुल 12.69 करोड़ से अधिक अस्पतालों में भर्ती लोगों के इलाज में 1.92 लाख करोड़ से ज्यादा राशि का इलाज मुहैया कराया जा चुका है।

इस योजना के तहत भारत में अब तक कुल 42.31 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 49 प्रतिशत कार्ड महिलाओं और 51 प्रतिशत कार्ड पुरुषों के नाम पर बनाए गए हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में इस योजना के तहत 5.59 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। गांव की एक बूढ़ी महिला ने बताया कि, 'जब मुझे पेट की बीमारी हुई तो लगा अब नहीं बचेंगे। गरीब के पास अस्पताल जाने की कूव्वत कहां। बेटे को न जाने कहां से आयुष्मान योजना के बारे पता चला। उसे हासिल कर अस्पताल गए तो इलाज हुआ।' जन स्वास्थ्य की इस योजना ने गांवों और शहरों की झुग्गी बस्तियों तक अपने प्रभाव को फैलाया है। इसने समाज के एक हिस्से को निर्धनता से मुक्त होने में मदद तो की ही है, उन्हें यह भी अहसास कराया है कि सरकार उनकी जरूरतों को समझती है और उनके प्रति संवेदनशील है।

मॉनसून की बेरुखी का असर



मॉनसून बीते अभी एक माह भी नहीं हुआ, लेकिन देश में जल-आपातकाल के हालात बन गए हैं। करीब 10 साल के अंतराल के बाद इस साल भारत में सूखे की स्थितियां स्पष्ट हो चुकी हैं। करीब 70.6 फीसदी हिस्सा, किसी न किसी रूप में, सूखे का सामना कर रहा है। बुनियादी कारण कम बारिश ही नजर आता है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर इस बार सामान्य से करीब 13 फीसदी बारिश कम हुई है। देश के 300 बड़े जलाशयों में पानी बहुत कम है। तालाब तो शहर-दर-शहर सूख चुके हैं। कम बारिश, अनियमित बारिश और अलनीनो के व्यापक प्रभाव के कारण स्थितियां यहां तक पहुंच चुकी हैं कि गोवा में 94.6 से 100 फीसदी, जम्मू-कश्मीर में करीब 82 फीसदी, पंजाब में करीब 80 फीसदी, कर्नाटक में 76.3 फीसदी, अरुणाचल प्रदेश में 76.1 फीसदी, तेलंगाना में करीब 76 फीसदी, महाराष्ट्र में 70-84 फीसदी, हरियाणा में करीब 76 फीसदी और बिहार में 70 फीसदी से अधिक इलाके सूखा-प्रभावित माने जा रहे हैं। महाराष्ट्र में तो 358 में से 265 तालुकाओं को सूखाग्रस्त घोषित किया जा चुका है। कर्नाटक ने केंद्र से 11 हजार करोड़ रुपए की मदद मांगी है। आंध्रप्रदेश ने भी केंद्र सरकार से मदद के अलावा सबसिडी की गुहार भी लगाई है। भारत में 1871 से 2026 के बीच 27 सूखे वर्ष दर्ज किए जा चुके हैं।

हालांकि लगातार दो साल सूखा पड़ा हो, ऐसा अपेक्षाकृत दुर्लभ ही रहा है। 2001 के बाद 6 में से 5 सूखे अलनीनो से जुड़े और प्रभावित रहे हैं। मौजूदा संदर्भ में मजबूत अलनीनो का असर 2027 तक बना रह सकता है। बहरहाल सूखे का पहला असर कृषि पर होगा। सोयाबीन, बागवानी और खरीफ की अन्य फसलों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। केन्द्र सरकार गेहूं, चावल, चना, चीनी और अन्य अनाजों के पर्याप्त भंडारों का दावा कर रही है। वह आज भी करीब 81.5 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन बांट रही है। बाजार में भी कोई संकट या कमी नहीं है, लिहाजा खाद्य-संकट के तात्कालिक आसार नहीं लगते। जहां तक जीडीपी का सवाल है, उसमें अब कृषि का करीब 16 फीसदी योगदान है। आजादी के वक्त यह योगदान 52 फीसदी था। किसान की करीब 39 फीसदी आमदनी ही खेती से होती है, शेष वह मजदूरी से कमाता है। नतीजतन वह आज भी गरीब और कर्जदार है। सूखे का असर किसानों और देश की आर्थिक विकास दर पर पड़ता है। देश के करीब 86 फीसदी किसानों के पास औसतन एक हेक्टेयर से भी कम जमीन है। यदि सूखे के कारण उसकी आमदनी प्रभावित होती है, तो घर खर्च, बच्चों की स्कूल फीस, दवा-इलाज, जीवन की अन्य बुनियादी जरूरतों के लिए पैसा कहां से आएगा। खेती किसानी से जुड़े कई सवाल न केवल किसानों के सामने हैं, वरन सरकारें भी इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। ऐसा माना जाता है कि भारत की आर्थिक व्यवस्था गांवों से होती हुई लोगों की जेब तक जाती है।

किसानों के चेहरों की चमक खेतों में लहलहाती फसलों को देख कर होती है। उनके लिए मॉनसून में अच्छी बरसात अच्छे जमाने का संकेत मानी जाती है। इस बार उम्मीद से कम बरसात किसानों के मंसूबों पर पानी फेर सकता है। लिहाजा शासन सत्ता से उम्मीद है कि वह किसानों की आशंकाओं को निर्मूल साबित करते हुए उनके साथ खड़े होकर उन्हें हर तरह से सहायता के प्रयास करें ताकि राम के रुठने पर राज उसके साथ दिखाई दे।


लोकतांत्रिक मूल्यों से भटकी कांग्रेस

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर हिंसा और अराजकता के सहारे बांग्लादेश की तरह सत्ता परिवर्तन के प्रयास में लिप्त होने का जो गंभीर आरोप लगाया, उसके लिए राहुल गांधी अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उन्होंने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में धुर वामपंथी प्रशांत भूषण और नेहा बोरा को जिस तरह अपने साथ खड़े होने की विशेष सुविधा प्रदान की, उससे यही पता चला कि हताशा में आकर वे अराजकतावादियों का भी सहयोग लेने को तैयार हैं। प्रशांत भूषण कह रहे हैं कि हां, हम सत्ता परिवर्तन के लिए ही लड़ रहे हैं और इसमें कुछ गलत भी नहीं। वे खून-खराबे वाली क्रांति की भी बात कह चुके हैं। नेहा बोरा कह रही हैं कि उन्हें बांग्लादेश के आंदोलन से प्रेरणा मिली। उनकी समझ से बांग्लादेश का आंदोलन लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए था। वे जानबूझकर इसे भूल गईं कि बांग्लादेश के छात्र आंदोलन में कट्टरपंथी मजहबी तत्व शामिल थे और उन्होंने हिंसा का कैसा नंगा नाच किया था। उन्हें यह भी याद नहीं रहा कि तब वहां किस बड़े पैमाने पर हिंदुओं की हत्याएं हुई थीं और कथित लोकतंत्र प्रेमी छात्रों ने चरमपंथी संगठन जमाते इस्लामी के साथ मिलकर चुनाव लड़ना पसंद किया था। नेहा बोरा वामपंथी छात्र संगठन



आईसा की नेता हैं, लेकिन राहुल गांधी अपने छात्र संगठन के नेताओं से अधिक उन पर भरोसा कर रहे हैं। इससे इसी बात की पुष्टि होती है कि वे वामपंथियों से कुछ ज्यादा ही प्रेरित हैं। यह भी सनद रहे कि कांग्रेस के एक और करीबी योगेंद्र यादव यह कह चुके हैं कि अब इस देश में लोकतंत्र का भविष्य संसद से नहीं, बल्कि सड़क से तय होगा। कांग्रेस नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी को स्पष्ट करना होगा कि क्या वे अराजकता की खुली पैरवी करने वाले प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव और नेहा बोरा के विचारों से सहमत हैं? उन्हें यह भी बताना चाहिए कि कॉकरोच जनता पार्टी से दूरी बनाते-बनाते उसके निकट जाने की जरूरत क्यों पड़ रही है? यदि वे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के विभिन्न पहलुओं की सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट पर सच में भरोसा कर रहे हैं तो फिर सड़कों पर क्यों उतर रहे हैं? क्या यह सुप्रीम कोर्ट पर भरोसे का परिचायक है कि वे भीड़ के साथ मार्च करते हुए याचिका दाखिल करना पसंद करते हैं? आखिर इसे अराजक व्यवहार के अलावा और क्या कहा जा सकता है? कांग्रेस केवल अपनी विचारधारा से भटक ही नहीं गई है, बल्कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों का अनादर भी कर रही है। उसे अच्छे से पता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त को महाभियोग के जरिये ही हटाया जा सकता है, लेकिन वह ऐसा जाहिर कर रही है कि यह काम अशांति पैदा करके भी हो सकता है।

समय के साथ परिपक्व होती चुनावी व्यवस्था



मुख्य चुनाव आयुक्त और बाकी चुनाव आयुक्तों के बीच खींचतान का मसला मानी था या बेमानी, चर्चा का विषय हो सकता है, लेकिन बंद कमरों में चर्चा कैसे सार्वजनिक हो जाती है, आश्चर्य का विषय है। खबरों के पीछे की खबरों का सच किसी को तब तक पता नहीं होता है जब तक उसमें शामिल लोग उसे जाहिर नहीं करते। देश भर में चर्चा और बहस का मुद्दा बना चुनाव आयोग, उसकी कार्यशैली पर उठते सवाल ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग तक पहुंच गए। उत्तर इतना आसान नहीं है तो इतना दुरुह भी नहीं कि उसका समाधान नहीं निकल सके। इन सवालों के जवाब की इतनी परतें हैं कि उन्हें सुलझा पाना बहुत आसान नहीं है। उलझे धागे को सुलझाने के लिए बहुत सब्र की जरूरत होती है। लोकतंत्र में चुनाव की पवित्रता सबसे महत्वपूर्ण बात होती है और यह पवित्रता दिखाई देती है तो दिखनी भी चाहिए। ऐसा कोई भी कदम जो पारदर्शिता को बाधित करे, उसे लोकतंत्र को क्षति पहुंचाने की तरह माना जाता है। विपक्ष ने भी इस मामले को जिस तरीके से उठाया और सड़क तक बवाल मचाया, उससे भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वोट चोरी का दावा करने वाले लोग भी इली व्यवस्था के हिस्से हैं। वे भी चुनाव प्रक्रिया के इसी रास्ते से होकर संविधान की शपथ लेते हैं। जनप्रतिनिधि बनते है। इसलिए जीत के लिए तो चुनाव आयोग ठीक, नहीं तो बिकाऊ जैसे आरोपों से जूझता नजर आता है। चुनाव आयुक्त का पद संवैधानिक होता है और उस पद की गरिमा होती है। जनप्रतिनिधियों को संविधान की शपथ लेने का रास्ता भी चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनते हुए ही होती है। लिहाजा उसका समर्थन या विरोध, दुधारी तलवार तो नहीं हो सकती। मीठा मीठा गप गप और कड़वा कड़वा थूं थूं। संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में तो ऐसा नहीं चल सकता। लेकिन राजनीति में ऐसा सब चलता है। यहां सजने वाली चौपाल में इन सब बातों पर चर्चा होती है, बहस होती है, विरोध होता है, और चाय की चुस्कियों और समोसों के साथ धरना, विरोध और प्रदर्शन भी होता है। गुजरे जमाने के लोग टीएन शेषन को इसलिए याद करते हैं, क्यूकि वे अपने दौर के पहले ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त माने जाते हैं जिन्होंने न केवल इस पद की पहचान दिलाई वरन चुनाव सुधार प्रक्रिया के अलमबरदार माने गए। इनका प्रभाव आज की चुनावी व्यवस्था पर दिखाई देती है और समय समय पर व्यवस्थाओं में विसंगतियों को दूर करने का आधार बना। किसी पद की गरिमा का और हैसियत का अंदाजा तभी लगता है जब उस पद पर आसीन व्यक्ति खुद को उसके लिए समर्पित कर देता है। ज्ञानेश कुमार ने भी उसी मर्यादाओं और परंपराओं का निर्वहन करते हुए और अपनी जिम्मेदारियों का अहसास करते हुए अपने पद के प्रति समर्पण का भाव रखा। बिहार और पश्चिमी बंगाल का चुनाव इसका उदाहरण है। जिन राज्यों में बूथ लूटना, हिंसा होना और आपराधिक तत्वों द्वारा वोट चोरी चुनावी राजनीति का पर्याय बन चुकी थी, वहां स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न होना इस बात का सबूत है कि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था परिपक्व हो चुकी है, जिसकी तारीफ दुनिया भर के देश कर रहे हैं।

लघु कथा

अस्तित्वहीन नहीं



उस रात कड़ाके की सर्दी थी। सड़क के दोनों ओर की बत्तियों के आसपास कोहरा पसर गया था। रोज-क्लब के निकास-द्वार को पाँव से धकेलते हुए वह लड़खड़ाता हुआ बाहर निकला। झट दोनों हाथ गर्म पतलून की जेवों के अस्तर छूने लगे। बरामदे में रिक्शा खड़ी थी। उसकी डबल सीट पर पतली-सी चादर मुँह तक ढाँपे, चालक गठरी-सा बना लेटा था। घुटने पेट में घुसे थे। रिक्शा देखकर उसका चेहरा चमक उठा। 'खारी बावली चलेगा...' वह रिक्शावाले के समीप पहुँचा। उधर से चुप्पी रही। 'चल, दो रुपए दे देंगे।' युवक ने उसके अन्तस् को कुरेदा। 'दो रुपैया से जियादा आराम की जरूरत है हमका। साले! पेट भर गया लगता है...।' नशे में बुदबुदाता हुआ जैसे ही वह युवक आगे बढ़ा .तड़ाक... रिक्शावाले का भारी हाथ उसके गाल पर पड़ा। क्षणभर को युवक का नशा हिरन हो गया। वह अवाक-सा खड़ा उसके मुँह की ओर देख रहा था। रिक्शावाला छाती फुलाए उसके सामने खड़ा था।

सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियां तेज



संचार जगत

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक और त्र्यंबकेश्वर में सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर से शुरु होगा। नासिक के रामकुंड त्र्यंबकेश्वर में कुशावर्त कुंड पर एक साथ धर्म ध्वजारोहण के साथ इस महापर्व की शुरुआत होगी। देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद के बीच तैयारियों और व्यवस्थाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। कुंभ मेला आस्था, परंपरा और संस्कृति का एक बड़ा संगम माना जाता है, जहां श्रद्धालु पवित्र स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेने पहुंचते हैं। मेले में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई और दूसरी जरूरी व्यवस्थाएं भी अहम रहने वाली हैं।

एक ऐसा गांव जहां होता है राम और रावण के बीच असली युद्ध

संचार जगत



सीकर। राजस्थान में एक ऐसा गांव है, जहां दशहरे पर रावण का पुतला नहीं जलता, बल्कि राम और रावण के बीच असली युद्ध होता है । सीकर जिले के बाय गांव में दशहरा मनाने का अंदाज बाकी जगहों से अलग है। यहां पूरा गांव अयोध्या और लंका का रूप लेता है और गांव के लोग राम, लक्ष्मण, हनुमान और रावण की सेना के किरदार निभाते हैं। राजकीय आदर्श विद्यालय का मैदान रणभूमि में बदल जाता है, जहां राम और रावण की सेनाओं के बीच युद्ध का मंचन होता है। इसके बाद इसी रणभूमि में रावण का वध किया जाता है। युद्ध के बाद श्रीराम को रथ पर विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ लक्ष्मीनाथ मंदिर ले जाया जाता है, जहां आराधना और महाआरती होती है। रात में भगवान के 24 अवतारों के साथ रामदेवजी, गोगाजी और भैरूजी सहित कई लोकदेवताओं की झांकियां निकाली जाती हैं। नगाड़ों की थाप और कलाकारों की प्रस्तुतियां पूरे माहौल को भक्तिमय बना देती हैं। इस 173 साल पुरानी परंपरा में शामिल होने के लिए मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पंजाब और विदेशों में रहने वाले प्रवासी परिवार भी अपने गांव लौटते हैं। यानी बाय गांव का दशहरा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि राजस्थान की आस्था, लोक संस्कृति और भाईचारे की ऐसी विरासत है, जिसे गांव के लोग पीढ़ी-दर-पीढ़ी संजोकर रख रहे हैं।

बीजेपी ने पंजाब में शुरु की चुनाव की तैयारियां



संचार जगत

चंडीगढ़ । भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब में विधानसभा चुनावों के लिए जमीनी स्तर पर विचार-विमर्श, प्रस्ताव पारित करने और रणनीति बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह निर्णय संगरूर कस्बे में पार्टी की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिया गया। राज्य भाजपा महासचिव अनिल सरीन ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए निर्णयों को लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने राज्य से जुड़े प्रमुख मुद्दों, जिनमें नशीली दवाओं, भ्रष्टाचार और अपराध शामिल हैं, को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया है। इन मुद्दों को अपने एजेंडे के केंद्र में रखते हुए पार्टी जनता से संपर्क मजबूत करने, लोगों की समस्याओं को समझने और पंजाब के भविष्य के संबंध में अपने विचारों और नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए गतिविधियां चलाएगी। भाजपा के 36 संगठनात्मक जिलों में 19 अक्टूबर तक जिलास्तरीय बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसके बाद 22 से 24 अक्टूबर तक मंडलस्तरीय बैठकें होंगी। इनका मुख्य उद्देश्य पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को आगामी राज्य चुनावों के लिए हुई चर्चाओं, पारित प्रस्तावों और तैयार की गई रणनीति से अवगत कराना है।

भारत छोड़ने की नोटिस के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे इमरान

संचार जगत



नई दिल्ली। इमरान खान ने 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने के नोटिस के खिलाफ शनिवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की। उन्होंने याचिका के जरिए मुंबई के फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा जारी उस नोटिस को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। इमरान का कहना है कि यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है क्योंकि इसे जारी करने से पहले उन्हें अपनी बात रखने का कोई मौका नहीं दिया गया था। इमरान ने इस नोटिस को अवैध, अनुचित, कठोर और कानून की नजर में गलत बताया है। याचिका में लिखा गया है कि मौजूदा कानून या वैधानिक नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो भारत के प्रवासी नागरिक कार्डधारक को शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने से रोकता हो। इमरान खान मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस प्रोटेस्ट में शामिल हुए थे जिसे कॉकरोच जनता पार्टी ने ऑर्गेनाइज किया था। इमरान खान के पास भारतीय नागरिकता नहीं है और वे अमेरिका के नागरिक हैं ।

प्रशांत किशोर ने अपने बयान का किया बचाव

संचार जगत



पटना। बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लेकर दिए गए कथित बयान पर सियासी विवाद बढ़ गया है। भाजपा की ओर से गोली मारने की धमकी' देने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शनिवार को राज्य सरकार को चुनौती दी कि वह इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करे। नालंदा जिले में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रशांत किशोर ने अपने बयान का बचाव किया। उन्होंने कहा कि उनकी बातों को संदर्भ से हटाकर पेश नहीं किया जाना चाहिए। किशोर ने आरोप लगाया कि सम्राट चौधरी अशिक्षित हैं और सातवीं कक्षा तक पढ़े हैं।

एयरपोर्ट पर यात्री के बैग में मिला जिंदा कारतूस

संचार जगत



जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री के बैग में जिंदा कारतूस मिलने से हड़कंप मच गया। यात्री कोलकाता जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था। इसी दौरान नियमित सुरक्षा जांच में उसके बैग से जिंदा कारतूस बरामद हुआ। कारतूस मिलने के बाद एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों को इसकी सूचना दी गई। इसके साथ ही एयरपोर्ट थाना पुलिस को भी मामले से अवगत कराया गया। दरअसल, यात्री पश्चिम बंगाल का निवासी बताया जा रहा है। वह कोलकाता जाने के लिए जयपुर एयरपोर्ट पहुंचा था। एयरपोर्ट पर प्रवेश और यात्रा से पहले की जा रही सुरक्षा जांच के दौरान उसके बैग में कारतूस मिला। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एजेंसियों को सूचना दी। सूचना मिलने पर एयरपोर्ट थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बांग्लादेश के रिजॉर्ट में भीषण आग, 10 की मौत

संचार जगत



कॉक्स बाजार। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में शनिवार सुबह समुद्र किनारे बने 'टुपटुप रेस्टो एंड रिजॉर्ट' में भीषण आग लगने से 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जिनमें एक ही परिवार के 6 सदस्य शामिल हैं। बांस और लकड़ी से बना यह तीन मंजिला रिजॉर्ट पूरी तरह जलकर खाक हो गया। शुरुआती आशंका के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट से लगी, जो एसी और गैस सिलेंडर फटने से तेजी से फैल गई। बिना फायर सेफ्टी लाइसेंस के अवैध रूप से चल रहे इस रिजॉर्ट में घटना के वक्त करीब 30 लोग मौजूद थे। इस हादसे में कुछ लोगों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई, जबकि अन्य लोग अंदर ही फंस गए। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुबह 11 बजे तक आग पर काबू पाया। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।

भारत ने मालदीव को करेंसी स्वैप सुविधा बढ़ाई



संचार जगत

नई दिल्ली। भारत ने मालदीव सरकार के 30 अरब रुपए की करेंसी स्वैप सुविधा को आगे बढ़ाने के अनुरोध को मंजूरी दे दी है। यह फैसला भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और द्वीपीय देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता के तहत लिया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। भारत द्वारा यह सुविधा सार्क देशों के लिए करेंसी स्वैप व्यवस्था के ढांचे के तहत दी जा रही है। इस व्यवस्था पर अक्टूबर 2024 में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की भारत यात्रा के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण के बीच हस्ताक्षर किए गए थे। इस सुविधा के तहत 30 अरब रुपए की पहली राशि इस साल 23 अप्रैल को मालदीव सरकार को दी गई थी। करेंसी स्वैप व्यवस्था के तहत मालदीव को भारतीय रुपए उपलब्ध होते हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर उसे नकदी की उपलब्धता और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलती है। भारत के लिए यह निरंतर वित्तीय सहायता हिंद महासागर के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पड़ोसी देश के साथ व्यापक संबंधों का भी हिस्सा है।

एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत से फैली सनसनी




संचार जगत

नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतकों में पति-पत्नी और उनके तीन मासूम बच्चे शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पांचों के शव घर में बिस्तर पर एक-दूसरे से लिपटे हुए मिले। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मौत की वजह फूड पॉइजनिंग होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामला ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। इस घटना में एक दंपती और उनके तीन बच्चों की जान चली गई।

बलूचिस्तान में 5.7 तीव्रता का भूकंप

संचार जगत



बलूचिस्तान। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को रिक्टर स्केल पर 5.7 तीव्रता का तेज भूकंप दर्ज किया गया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (स्तस्) के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र खुझदार शहर से 48 किलोमीटर दूर स्थित था। भूकंप के ये झटके पड़ोसी प्रांत सिंध में भी महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई और वे अपने घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमों को खुझदार तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों में संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए तुरंत सतर्क कर दिया गया है। इसके अलावा अस्पतालों और पुलिस दलों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। गनीमत यह रही कि शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक इस आपदा से किसी भी प्रकार के जान-माल के बड़े नुकसान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार 5.7 तीव्रता का भूकंप काफी तेज श्रेणी में आता है, जिससे पुरानी और कमजोर इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है, दीवारों में दरारें आ सकती हैं और निर्माण ढह सकते हैं। नुकसान की सीमा भूकंप की गहराई, केंद्र की आबादी से दूरी और भवनों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। गौरतलब है कि पाकिस्तान का यह क्षेत्र टेक्टोनिक प्लेटों के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। यह देश भारतीय, यूरेशियन और अरबियन–इन तीन प्रमुख टेक्टोनिक प्लेटों के मिलन स्थल पर स्थित है, जिसके कारण यहाँ प्लेटों की निरंतर हलचल से अक्सर विनाशकारी भूकंप आते रहते हैं। इतिहास गवाह है कि बलूचिस्तान के क्वेटा में 1935 में आया 7.7 तीव्रता का भूकंप बेहद भयानक था, जिसमें करीब 35 हजार लोगों की जान चली गई थी। इसके अलावा 1945 में मकरान तट पर 8.1 तीव्रता के भूकंप से सुनामी तक उठ चुकी है।

भारत-जापान कई क्षेत्रों में बढ़ाएंगे सहयोग



संचार जगत

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन के गवर्नर काजुहिको अमाकावा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने स्वच्छ ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिजों क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में सहयोग को और विस्तार देने पर चर्चा की। बैठक के दौरान स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा परिवर्तन, उन्नत विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और मजबूत आपूर्ति शृंखलाओं में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श हुआ। चर्चा में 60 करोड़ डॉलर के भारत-जापान फंड और राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष में जापानी भागीदारी का भी उल्लेख किया गया। बैठक के दौरान काजुहिको अमाकावा ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और बायोएथेनॉल क्षेत्रों में भारत-जापान फंड की सफलता का जिक्र किया और भविष्य में एक नए फंड की उम्मीद भी जताई। दोनों पक्षों ने माना कि भारत और जापान के बीच आर्थिक एवं वित्तीय सहयोग को और गहरा करने तथा एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं।

इंटरनेट का इस्तेमाल बच्चों का भी मौलिक अधिकार

संचार जगत



नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट के इस्तेमाल और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि इंटरनेट तक पहुंचने के अधिकार से बच्चों को पूरी तरह वंचित करना उचित नहीं होगा। बच्चों को भी अन्य लोगों की तरह संविधान के तहत मौलिक अधिकार हासिल हैं। कोर्ट ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनकी स्वतंत्रता एक-दूसरे के विरोध में नहीं हैं। बच्चों को इंटरनेट से पूरी तरह दूर कर देना उनकी ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने का सही समाधान नहीं है। इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने से बच्चे असुरक्षित और अनियंत्रित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की ओर जा सकते हैं, जिससे उनके सामने नए जोखिम पैदा हो सकते हैं। कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री पर नियंत्रण के लिए कई उपाय भी सुझाए। इनमें बच्चों के ऑनलाइन खातों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, माता-पिता की सहमति और मार्गदर्शन को बढ़ावा देना तथा बच्चों के निजी खातों को प्राथमिकता देना शामिल है। इसके साथ ही अनजान वयस्कों की ओर से बच्चों को भेजे जाने वाले संदेशों को सीमित करने जैसे सुरक्षा उपायों पर भी जोर दिया गया।

यूपी के कर्मचारियों को दीपावली से पहले मिलेगा बोनस

संचार जगत



लखनऊ। योगी सरकार ने यूपी के 12 लाख से ज्यादा कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर दी है। दिवाली से पहले इन कर्मचारियों का बोनस दिया जाएगा। नवंबर में आने वाली सैलरी में महंगाई भत्ता भी बढ़कर मिलेगा। महानवमी और दशहरा की छुट्टियों के बाद इस संबंध में आदेश जारी हो सकते हैं। वित्त विभाग कर्मचारियों को बोनस और डीए-डीआरए देने की तैयारी कर रहा है। प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। रेलवे मंत्रालय की घोषणा के बाद अब राज्य कर्मचारियों को भी उम्मीद है कि प्रक्रिया में तेजी आएगी। कर्मचारी मान रहे हैं कि बोनस के साथ ही डीए और डीआरए के भी आदेश होंगे।

लंदन में पीएम मोदी के समर्थन में निकाली रैली

संचार जगत



लंदन। लंदन में भारतीय समुदाय ने उच्चायोग के बाहर रैली निकालकर पीएम मोदी और भारत सरकार का समर्थन किया है। उन्होंने विदेशों में देश की छवि खराब करने वाले भारत-विरोधी तत्वों के विरोध-प्रदर्शनों की कड़ी आलोचना की है। लंदन में भारतीय समुदाय के लोगों ने भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने तिरंगा लहराया और प्रधानमंत्री के पक्ष में नारे लगाए और प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार के प्रति अपना समर्थन जताया। रैली में शामिल लोगों ने कहा कि वे विदेशों में भारत की छवि बचाने के लिए इकट्ठा हुए हैं। उनका मानना है कि देश में जो प्रदर्शन हो रहे हैं, उनका मकसद विदेशी धरती पर देश की साख को नुकसान पहुंचाना है। पीएम के समर्थन में यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ है, जब भारत में कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन और 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) द्वारा विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। ये समूह मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) को लेकर भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को निशाना बना रहे हैं।

ध्रुव राठी संसद चौक में करेंगे प्रदर्शन

यूट्यूबर ध्रुव राठी भारत में कुछ दिन ही रहने के बाद अब लंदन पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा है कि अब अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन होंगे। राठी ने लोगों को 18 अक्टूबर को पार्लियामेंट स्क्वायर में इकट्ठा होने को कहा है। वह 9 अक्टूबर को जर्मनी से भारत पहुंचे थे और अगले ही दिन सुबह उन्हें गुरुग्राम वाले घर से हिरासत में ले लिया गया। हालांकि रात में उन्हें छोड़ भी दिया गया। लंदन पहुंचने के बाद ध्रुव राठी ने वहां भी प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अब इंटरनेशनल डंका बजने का समय आ गया है। भारत आने के बाद उनकी मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही थीं।

कुमावत समाज ने सुरेन्द्रसिंह कांसेड़ा को दिया समर्थन

संचार जगत

नावां। नावां पंचायत समिति क्षेत्र में बदलते राजनीतिक समीकरण के साथ कुमावत समाज की बैठक हुई। इसमें समाज लोगों ने सुरेंद्र सिंह कांसैड़ा को समर्थन देने का भरोसा जताया। समाज के लोगों ने उन्हें अपना समर्थन देते हुए चुनावी मैदान में पूरी ताकत से साथ देने का ऐलान किया। इस समर्थन को क्षेत्र के बदलते राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। बैठक में सुरेंद्र सिंह कांसैड़ा ने समाज के समर्थन पर लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास और समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।

जिंदगी की जंग हार गया भोमाराम



संचार जगत

जोधपुर। करीब चालीस तक जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ने वाले 9 साल के मासूम भोमाराम को बचाया नहीं जा सका। रेस्क्यू टीम की कोशिश और गांव वालों की हर दुआ बेअसर साबित हुई। मामला फलोदी जिले के लोहावट थाना क्षेत्र के नौसर गांव का है, जहां गुरुवार दोपहर खेत में खेल रहा भोमाराम खुले बोरवेल में गिर गया। बताया जा रहा है कि मोटर की मरम्मत के लिए बोरवेल का मुहाना खुला छोड़ दिया गया था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। बच्चे को बाहर निकालने के लिए जेसीबी और पोकलेन मशीनों की मदद से खुदाई की गई। चट्टानों, पानी और मिट्टी धंसने के खतरे के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी रहा। शनिवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे भोमाराम को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बाजार में पैदल निकली मेयर, व्यापारियों की समस्या सुनीं



संचार जगत

भरतपुर। भरतपुर नगर निगम की मेयर अनुराधा सिंह आज बाजारों में लोगों की समस्याएं जानने के लिए बाजार में निकली। उन्होंने व्यापारियों से बात की और, समस्याएं सुनी। मेयर के साथ नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे। मेयर ने लोगों की समस्याएं तुरंत अधिकारियों को नोट करवाई और, जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। मेयर अनुराधा सिंह ने बताया कि आज नगर निगम से लेकर शहर के लक्ष्मण मंदिर तक बाजारों में व्यापारियों से समस्याओं के बारे जाना। ज्यादातर नालियों की समस्या सामने आई हैं। कई जगह नालियों पर फेरोकवर नहीं हैं। हमारी कोशिश रहेगी की दीपावली से पहले सभी समस्याओं का समाधान हो सके। सभी समस्याओं को नोट करते चल रहे हैं। मेयर ने बताया कि बाजारों में ज्यादातर नालियां भरी पड़ी हैं। कुछ जगह कचरे के ढेर पड़े हैं। उन्हें भी साफ करवाया जाएगा। समस्याओं का समाधान जल्द हो इसलिए नगर निगम के अधिकारी साथ चल रहे हैं। सभी व्यापारियों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली जा रही है।

राजकोट में हत्या कर 1.55 करोड़ का सोना लूटने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

संचार जगत

सिरोही । जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अजेय सिंह राठौड़ के निर्देशन में सिरोही जिला पुलिस ने अपराध एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुजरात के राजकोट में हत्या कर सोना-चांदी लूटने की वारदात के बाद फरार हो रहे आरोपियों को पकड़ने में गुजरात पुलिस की मदद की। वहीं, जिले में मक्का और सौंफ की फसल की आड़ में की जा रही गांजे की अवैध खेती का पर्दाफाश करते हुए भारी मात्रा में गांजे के पौधे जब्त किए तथा एक अन्य कार्रवाई में अफीम दूध बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। लूटी गई संपत्ति में करीब 946 ग्राम रिफाइंड सोने की सिल्लियां तथा करीब 2.870 किलोग्राम चांदी का पाउडर है। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिरोही पुलिस ने रोहिड़ा थाना क्षेत्र के वालोरिया स्थित पगारा फली में मक्का और सौंफ की फसल की आड़ में की जा रही गांजे की अवैध खेती का पर्दाफाश किया। पुलिस ने अलग-अलग खेतों में कार्रवाई करते हुए 2,950.84 किलोग्राम वजन के गांजे के हरे पौधे जब्त किए।

गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

संचार जगत

टोंक। नवरात्रि के दौरान गरबा एवं डांडिया कार्यक्रमों में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टोंक पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रम स्थलों पर कालिका पेट्रोल यूनिट की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। शक्ति सुरक्षा अभियान के तहत कालिका पेट्रोल यूनिट को गरबा एवं डांडिया कार्यक्रम स्थलों तथा आसपास के क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के माध्यम से पुलिस ने महिला सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

मदन राठौड़ के बयान पर घमासान कांग्रेस का जोरदार विरोध प्रदर्शन

संचार जगत

अजमेर। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के पाकिस्तान को लेकर दिए गए कथित विवादित बयान पर प्रदेशभर में राजनीतिक पारा चढ़ गया है। कांग्रेस पार्टी ने इसके विरोध में मोर्चा खोलते हुए अजमेर, धौलपुर, हनुमानगढ़, बूंदी, ब्यावर, बाड़मेर, सीकर, जैसलमेर, डूंगरपुर और भरतपुर समेत कई जिलों में उग्र प्रदर्शन किया और राठौड़ के इस्तीफे व माफी की मांग की। अजमेर में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी संभाग कार्यालय के बाहर 'मदन राठौड़ गो बैक पाकिस्तान' के पोस्टर चिपकाए और दीवारों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां लिखीं, जिसके बाद पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया। इस बीच बीजेपी जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं पर कार्यालय में जबरन घुसने और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। धौलपुर में विधायक रोहित वोहरा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार जाटव ने इसे शहीदों का अपमान बताते हुए भाजपा से सफाई मांगी, जबकि बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और उन्हें मनोचिकित्सक को दिखाना चाहिए।



ब्यावर में मदन राठौड़ का पुतला फूंका

ब्यावर में जिला कांग्रेस कमेटी ने महात्मा गांधी सर्किल स्थित चांगगेट पर मदन राठौड़ के बयान के विरोध में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेतृत्व से बयान पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौधरी ने कहा-देश का सम्मान राजनीतिक दलों से ऊपर है और राष्ट्रीय हितों से जुड़े मामलों में नेतृत्व की जवाबदेही जरूरी है। कांग्रेस नेताओं ने जनता को स्पष्ट जवाब देने की मांग करते हुए लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखने की बात कही।

इसके साथ ही हनुमानगढ़, बूंदी और ब्यावर सहित अन्य जिलों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए पुतले फूंके और चेतावनी दी कि माफी न मांगने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। बाड़मेर सांसद और कांग्रेस के श्रीगंगानगर जिला पंचायतीराज चुनाव प्रभारी उम्मेदाराम बेनीवाल ने मदन राठौड़ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ जिस तरह से पिछले 5-6 महीने से ऊटपटांग बयान दे रहे हैं, मुझे लगता है कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। राठौड़ को अच्छे मनोचिकित्सक को दिखाना चाहिए, उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी आवश्यक : भजनलाल शर्मा




संचार जगत

जोधपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति कर्तव्यों पर आधारित रही है और इन्हीं कर्तव्यों के पालन से रामराज्य की स्थापना हुई थी। जोधपुर जिले के ग्राम केलावा खुर्द स्थित केशव प्रिया गोशाला में आयोजित दिव्य रामकथा एवं नवकुण्डीय यज्ञ कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आज समाज में अधिकारों की चर्चा अधिक होती है, जबकि कर्तव्यों के प्रति सजगता आवश्यक है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा और संस्कारों के माध्यम से ही हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने व्यासपीठ के संत मुरलीधर महाराज से भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि संत, महंत और ऋषि-मुनि सदैव समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य करते आए हैं। उन्होंने कहा कि संतों के सान्निध्य में बिताया गया थोड़ा समय भी जीवन को नई सीख और प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पर्वतों, नदियों और वृक्षों में भी ईश्वर का वास मानकर उनके प्रति श्रद्धा का भाव रखती है। इस समृद्ध विरासत को संजोकर रखना हम सभी का दायित्व है।

ईडब्ल्यूएस आरक्षण के पात्रता नियमों में बदलाव पर जल्द रास्ता निकलेगा : शेखावत

संचार जगत

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण के पात्रता नियमों में बदलाव के सकारात्मक संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण के नियमों में बदलाव को लेकर केंद्र सरकार के स्तर पर विचार-विमर्श चल रहा है। हाल में इस विषय पर बैठक भी हुई है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही इसका कोई रास्ता निकलेगा। शेखावत ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण देकर ऐतिहासिक कदम उठाया था। हालांकि, आरक्षण के लिए निर्धारित पात्रता के मौजूदा नियमों में कृषि पर निर्भर परिवारों के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि के ऐसे परिवार, जिनकी आजीविका का एकमात्र साधन खेती है, या शहरों में रहने के बावजूद जिनके परिवार की आजीविका कृषि पर निर्भर है, उनके साथ पात्रता के मौजूदा प्रावधानों में न्याय नहीं होता। इस विषय को सरकार के स्तर पर उठाया गया था, लेकिन यूथ फॉर इक्वलिटी की विशेष अनुमति याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण निर्णय नहीं हो सका। अब याचिका का निपटारा हो चुका है। शेखावत ने कहा कि केंद्र सरकार जब भी इस पर निर्णय करेगी, तो उसे पूरे देश के परिप्रेक्ष्य में करना होगा।



मनसा माता का लक्खी मेला शुरू

संचार जगत



बहरोड़। दहमी-हमजापुर स्थित सिद्धपीठ प्राचीन मनसा माता मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक मेला श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हुआ। मेले के पहले ही दिन से मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान है। पुलिस प्रशासन, मेला कमेटी, श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल और स्काउट-गाइड के स्वयंसेवकों ने मोर्चा संभाल लिया है। देश के कोने-कोने से पहुंच रहे श्रद्धालु, जगह-जगह भंडारे मनसा माता के प्रति भक्तों की अटूट आस्था के चलते इस मेले में बहरोड़ और आसपास के ग्रामीण अंचल, राजस्थान के विभिन्न जिलों सहित दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, मुंबई, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल तक से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वे माता के दरबार में मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की मनौती मांग रहे हैं। नवजात शिशुओं के मुंडन संस्कार और नवविवाहित जोड़ों द्वारा गठजोड़े की जात लगाने की परंपरा निभाने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है।

देवनानी ने शक्तिपीठों पर मां जगदम्बा का लिया आशीर्वाद

उदयपुर(संचार जगत) । विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर उदयपुर प्रवास के दौरान शहर के विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन कर मां जगदम्बा का आशीर्वाद प्राप्त किया। देवनानी ने मेलड़ी माता, आवरी माता, अम्बा माता, बेदला माता, घाटे वाली माता, कालका माता, हस्ती माता, करणी माता, हाथी पोल स्थित काली माता एवं नव माता मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया तथा मां के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। इस दौरान उन्होंने जगदम्बा से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की मंगलकामना की।

कोटा में नशे में धुत एएसआई ने की महिला से बदसलूकी



संचार जगत

कोटा। कोटा में शनिवार दोपहर झालावाड़ रोड स्थित कोटा हार्ट हॉस्पिटल के पास एक शराबी एएसआई की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। बारां में पोस्टेड और रेंज आईजी के आदेश से कोटा पुलिस लाइन में अटैच एएसआई अरविंद सिंह हाड़ा ने अस्पताल के बाहर सड़क पर एक महिला और उसके पति के साथ जमकर बदसलूकी की। आरोप है कि नशे में धुत एएसआई ने महिला के पति से बेवजह उलझते हुए कहा कि मेरी तरफ कैसे इशारा कर रहा है, और विरोध करने पर महिला के साथ गाली-गलौज की। घटना के दौरान जब महिला ने अपने पुलिसकर्मी पिता को फोन मिलाने की कोशिश की, तो एएसआई ने उसका मोबाइल छीनने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने जब बीच-बचाव कर समझाने की कोशिश की, तो आरोपी एएसआई धौंस जमाते हुए बोला कि 'मेरा नाम अरविंद सिंह हाड़ा है'। इस पूरी घटना का वहां मौजूद लोगों ने वीडियो भी बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अलवर में 16 साल की नाबालिग घर से लापता

अलवर। अलवर शहर में 16 साल की नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। नाबालिग की मां ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने नाबालिग की तलाश करने के साथ ही मामले में कुछ अन्य लोगों के शामिल होने की आशंका भी जताई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नाबालिग 12 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे से लापता है। परिजनों ने अपने स्तर पर कई जगह तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद नाबालिग की मां ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दी। रिपोर्ट में एक युवक पर संदेह जताते हुए उसके कुछ परिचितों के बारे में भी जानकारी दी गई है।

बस हादसे के घायलों से मिले ओम बिरला, स्वास्थ्य की ली जानकारी

संचार जगत



कोटा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोटा बस हादसे के घायलों से मुलाकात की और उनके स्वास्थय के बारे में जानकारी ली। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर आज सुबह बस हादसा हुआ था. हादसे में हुई 8 लोगों की मौत जबकि करीब 15 लोग घायल हुए. घायलों को न्यू मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया. उन्होंने अस्पताल के प्रिंसिपल को पुख्ता उपचार देने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर पीयूष समारिया, रेंज आईजी हरेंद्र महावर, एसपी तेजस्विनी गौतम और ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर भी साथ में मौजूद रहे। इस हादसे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुःख जताते हुए कहा कि मिनी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई जनहानि का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार और प्रभावितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश दिए। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर इटावा में कराड़िया के पास सवारियों से भरी एक बस हादसे का शिकार हो गई थी। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, और 15 लोग घायल हुए। घायलों को एमबीएस और न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। बस में सवार सभी लोग भोपाल से खाटूश्यामजी जा रहे थे।

123 किलो डोडा चूरा जब्त

नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे पंजाब-हरियाणा के 4 तस्कर गिरफ्तार

संचार जगत





कोटा। कोटा ग्रामीण के मोडक थाना इलाके में पुलिस ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नाकाबंदी के दौरान एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब और हरियाणा के 4 डोडा तस्करों को दबोच लिया है। पुलिस ने शनिवार को दो वोक्सवैगन वेंटो कारों से कुल 123.33 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त किया है, जिसकी और वाहनों की कुल अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह मादक पदार्थ मध्यप्रदेश के गरोठ से पंजाब ले जाया जा रहा था। ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि मोडक थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने एक्सप्रेस-वे के पास नाकाबंदी कर रखी थी, जहां निमथूर-गरोठ की तरफ से आ रही दो संदिग्ध कारों के चालकों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। पुलिस टीमों ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दोनों कारों को रोक लिया। एक कार पर कोई नंबर नहीं था जबकि दूसरी हरियाणा नंबर की थी। तलाशी लेने पर बिना नंबर की कार से 3 और हरियाणा नंबर की कार से 5 कट्टे यानी कुल 123.33 किलो डोडा चूरा बरामद हुआ। मामले में पंजाब निवासी लवप्रीत सिंह व गुरविंदर सिंह तथा हरियाणा निवासी गुरप्रीत सिंह और अविनाश को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

दो साल से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

संचार जगत



अजमेर। अजमेर में नकबजनी के मामले में 5 हजार रुपए का इनामी बदमाश मोहम्मद शरीफ पिछले दो साल से फरार चल रहा था। अजमेर की रामगंज थाना पुलिस ने जयपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने घर से जेवर और सामान चुराया था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुट गई है। दरअसल, आरोपी मोहम्मद शरीफ वारदात में मुख्य सरगना की भूमिका में था। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन वह लगातार ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस ने तकनीकी जानकारी और लगातार तलाश के बाद उसे जयपुर में दबोच लिया। थाना प्रभारी हरिपाल सिंह ने बताया कि 15 सितंबर 2024 को पीड़ित फिरोज खान ने रामगंज थाने में रिपोर्ट दी थी कि 12 सितंबर की रात उसके घर में चोरी हुई। चोर घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त कर सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

केमिकल से भरे टैंकर में भीषण आग

बीकानेर (संचार जगत)। बीकानेर के महाजन-अरजनसर के पास से गुजर रही भारत माला हाईवे पर शनिवार की सुबह केमिकल से भरे टैंकर में आग लग गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन टैंकर पूरी तरह जलकर राख हो गया। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि टैंकर से केमिकल निकालने की कोशिश में आग लग गई। हालांकि केमिकल को समय रहते एक्सप्रेस-वे से साइड ले जाया गया, जहां चार दमकलों ने मिलकर काबू पर पाया। सीओ रणवीर सिंह ने बताया- सुबह करीब 12 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि भारत माला पर टैंकर में आग लगी है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर दमकल बुलाई गई। बीकानेर के अलावा सूरतगढ़ और पल्लू से भी दमकल बुलाई गई।



फोकिना ने किया बड़ा उलटफेर, विश्व के नंबर 2 ज्वेरेव को हराकर फाइनल में एंट्री

नई दिल्ली/संचार जगत

शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने विश्व के नंबर 2 खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। यह स्पेनिश खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी जीतों में से एक है।

डेविडोविच फोकिना ने अपने करियर में दूसरी बार जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव को हराया। शंघाई के स्टेडियम कोर्ट पर खेले गए इस कड़े सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने ज्वेरेव को 5-7, 6-4, 6-3 से मात दी। यह मैच दो घंटे छह मिनट तक चला। विश्व के नंबर 26 रैंकिंग वाले खिलाड़ी डेविडोविच फोकिना पहला सेट हार गए थे, जो काफी कड़ा मुकाबला रहा। इसके बाद उन्होंने अपना खेल बेहतर किया, बेसलाइन पर शानदार प्रदर्शन दिखाया और दूसरे सेट के 10वें गेम में टॉप सीड ज्वेरेव की सर्विस तोड़ दी। उन्होंने 46 मिनट में दूसरा सेट अपने नाम कर लिया।

फोकिना ने ज्वेरेव को 2 घंटे 6 मिनट में दी मात



ज्वेरेव ने किया डबल फॉल्ट

तीसरे सेट की शुरुआत में ज्वेरेव ने डबल फॉल्ट किया, जिससे डेविडोविच फोकिना को बड़ा फायदा मिला। इस मौके का फायदा उठाते हुए उन्होंने अपनी लय बनाए रखी और पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने संयम बनाए रखते हुए अपनी सर्विस पर तीसरा सेट जीता और अपने करियर के दूसरे एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में जगह बनाई।

फोकिना ने बचाए रखी अपनी सर्विस

तीसरे सेट में जब स्कोर 5-2 था और ज्वेरेव सर्विस कर रहे थे, तब डेविडोविच फोकिना के पास दो मैच प्वाइंट थे, लेकिन वे उन्हें भुना नहीं पाए। जर्मन खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और एक और गेम के लिए संघर्ष किया। हालांकि, यह संघर्ष ज्यादा देर तक नहीं चला, क्योंकि डेविडोविच फोकिना ने अपनी सर्विस बचाए रखी और सेट के साथ-साथ मैच भी जीत लिया।

मैंने बस खेल का आनंद लिया : डेविडोविच


डेविडोविच फोकिना ने कहा, नतीजा क्या होगा, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं बस हर एक गेंद पर ध्यान दे रहा था। मुझे पता था कि अगर मैं पूरे मैच में डटा रहा, तो मुझे कम से कम एक मौका जरूर मिलेगा, और मुझे वह मौका दूसरे सेट में मिला। फिर तीसरे सेट में मुझे लगता है कि मैं शारीरिक रूप से बेहतर था। तीसरे सेट की शुरुआत में मिली ब्रेक (सर्विस तोड़ना) से मुझे काफी ताकत मिली। मैंने सिर्फ खेलने पर ध्यान दिया, नतीजे की परवाह नहीं की, बस खेल का आनंद लिया। फोकिना ने कहा, अंत में जब आप बाहर होते हैं तो चीजें आसान नहीं होतीं। आपके पास सोचने के लिए बहुत समय होता है। यहां होना और इस खेल को खेलना हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। इस समय ने मुझे यह सोचने का काफी मौका दिया कि मैं अपने भविष्य में क्या करना चाहता हूं। फाइनल में डेविडोविच फोकिना का मुकाबला राफेल जोदार या डेनिल मेदवेदेव में से किसी एक से होगा।



हांगकांग सिक्सेस के कप्तान बने कृणाल

हांगकांग। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को न्यूजीलैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम में वापस बुलाए जाने के भारतीय हरफनमौला कृणाल पंड्या को हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिए सात सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कुलवंत खेजरोलिया टूर्नामेंट के लिए टीम में भुवनेश्वर की जगह लेंगे। हांगकांग सिक्सेस का आयोजन 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक होगा। कृणाल पहले से ही टीम का हिस्सा थे। भारतीय टीम के अन्य सदस्यों में शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नीतीश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन शामिल हैं।

बांग्लादेश को झटका, लिटन दास त्रिकोणीय सीरीज से बाहर



अबू धाबी। बांग्लादेश के वनडे कप्तान लिटन दास, अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के साथ खेली जा रही त्रिकोणीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। हिप जॉइंट में चोट के कारण लिटन दास को सीरीज शुरू होने से ठीक पहले ही टीम से बाहर होना पड़ा है। उनकी गैर-मौजूदगी में तौहीद हृदोय टीम की कमान संभाल रहे हैं। लिटन दास को इस साल की शुरुआत में मेहदी हसन मिराज की जगह बांग्लादेश की वनडे टीम का पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया था। यह फैसला टीम प्रबंधन ने अगले वर्ष होने वाले आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप की तैयारियों को मद्देनजर रखते हुए लिया था, ताकि टीम एक स्थिर नेतृत्व के साथ अपने अभियान को मजबूत कर सके। त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश का सामना जिम्बाब्वे से हो रहा है, जिसमें जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया है। बांग्लादेश की टीम में मेहदी हसन मिराज भी नहीं खेल रहे हैं, क्योंकि उन्हें बुखार है।

एआईटीए रोस्टर में बोपन्ना को नहीं मिली जगह



नई दिल्ली। दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को एआईटीए उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी (एसओएम) की सूची में जगह नहीं मिली है क्योंकि राष्ट्रीय खेल प्रशासन नियमों 2026 के तहत खेल से संन्यास को कम से कम एक वर्ष पूरा होने की शर्त वह पूरी नहीं करते। 46 वर्ष के बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस से एक नवंबर 2025 को संन्यास लिया था। एआईटीए ने जब 16 अक्टूबर 2026 को एसओएम रोस्टर जारी किया, जो उसमें बोपन्ना संन्यास को एक साल पूरा होने की अवधि से कुछ दिन से चूक गए।

महिला टी-20 : भारत और जिम्बाब्वे के बीच मैच शाम 7 बजे से

जिम्बाब्वे के खिलाफ लय तलाशने उतरेगा भारतीय शीर्ष क्रम, दूसरा मुकाबला आज

नई दिल्ली/संचार जगत

पहले मैच में असफल रहे भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रविवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अधिक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करने की कोशिश करेंगे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी के कारण भारतीय टीम पहले मैच में एक समय संकट में दिख रही थी। भारतीय बल्लेबाजों ने जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण को सहजता से लिया, जिससे वह संकट में पड़ गए। जिम्बाब्वे की तरफ से ऑफ स्पिनर न्याशा ग्वांजुरा ने पावरप्ले में तीन विकेट लिए। भारत के चोटी के बल्लेबाज अब दूसरे मैच में इसकी भरपाई करने की कोशिश करेंगे।



हम आक्रामक खेल खेलना चाहते हैं : दीप्ति

दीप्ति में एक बार फिर से दिखाया कि वह भारत के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इस ऑलराउंडर ने कहा कि कुछ ऐसे मौके भी आएंगे जब विपक्षी टीम हावी रहेगी। दीप्ति ने कहा, 'निश्चित रूप से हम आक्रामक खेल खेलना चाहते हैं और यही बात हमारे दिमाग में थी।' उन्होंने कहा, 'मैच में कभी-कभी ऐसा होता है। आप जो चाहते हैं भगवान हमेशा आपको वही नहीं देता है। लेकिन हम हमेशा सीखते हैं। मुझे यकीन है कि आज जो हुआ वह अगले मैच में नहीं होगा।' दीप्ति ने कहा, 'निक्की ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। ऐसा लग ही नहीं रहा था कि वह अपना पहला मैच खेल रही है। एक युवा खिलाड़ी का यह आत्मविश्वास सराहनीय है। मुझे विश्वास है कि इस मैच से उसे काफी आत्मविश्वास मिलेगा।'

नेतृत्व करने उत्सुक होंगी मंधाना

मंधाना का यह पूर्णकालिक कप्तान के रूप में पहला मैच था, जिसमें बल्लेबाज के रूप में वह नाकाम रही और अब वह आगे बढ़कर नेतृत्व करने के लिए उत्सुक होंगी। भारत के लिए बल्लेबाजी में सकारात्मक पहलू निक्की प्रसाद का शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने दबाव में भी संयम और स्ट्रोकप्ले का शानदार नमूना पेश किया।'

स्पिन के खिलाफ भारत की कमजोरी उजागर

भारतीय गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट पर 114 रन ही बनाने दिया। उसकी टीम सलामी बल्लेबाज केलिस नधलोवु और शार्ने मेयर्स से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी, जिन्होंने पहले मैच में बल्लेबाजी में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। जिम्बाब्वे को यह भी उम्मीद होगी कि ग्वांजुरा अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को बरकरार रखने में कामयाब होगी। उन्होंने पावरप्ले के दौरान स्पिन के खिलाफ भारत की कमजोरी को उजागर किया था।

टीमें इस प्रकार

भारत : स्मृति मंधाना (कप्तान), हरमनप्रीत कौर, शेफाली वर्मा, निक्की प्रसाद, अनुष्का शर्मा, ऋचा घोष, कमलिनी, दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्रीचरणी, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, जिन्तिमणि कलिता, मिन्नू मणि।

जिम्बाब्वे : जोसेफिन नकोमो (कप्तान), बिलव्ड बिजा, चिपो मुगेरी-तिरिपानो, केलिस नधलोवु, मिशेल मावुंगा, न्याशा ग्वांजुरा, नोम्पिलो सिबांडा, लोरिन फिरी, चिएजा दुरुरु, मोडेस्टर मुपाचिक्वा, तेंदानेई मायकुशा।

मैच का समय : शाम 7 बजे

पहली बार आईपीएल में कोचिंग देंगे चामिंडा वास

- दिल्ली कैपिटल्स ने बनाया तेज गेंदबाजी कोच
- युवराज और गांगुली के साथ करेंगे काम



नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली कैपिटल्स ने श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चमिंडा वास को आईपीएल के अगले सत्र से पहले शनिवार को तेज गेंदबाजी कोच के रूप में अपने नए कोचिंग स्टाफ में शामिल किया।

श्रीलंका के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक वास को मुनाफ पटेल की जगह तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। मुनाफ पिछले दो सत्र से टीम के गेंदबाजी कोच थे। वास ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 111 टेस्ट मैचों में 355 विकेट और वनडे मैचों में 400 विकेट लिए हैं।

टाइगर टेरिटरी में स्वागत

दिल्ली कैपिटल्स ने पोस्ट किया, 'विश्व कप विजेता और श्रीलंका के अब तक के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज। टाइगर टेरिटरी (दिल्ली कैपिटल्स) में आपका स्वागत है, कोच।' वास दिल्ली कैपिटल्स में सौरव गांगुली की अगुवाई वाली नई कोचिंग टीम का हिस्सा होंगे। फ्रैंचाइजी में हाल में ही पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह को भी बल्लेबाजी और सहायक कोच के रूप में अपने सहयोगी स्टाफ में शामिल किया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अभी तक आईपीएल का खिताब नहीं जीत पाई है। उसकी टीम केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंची थी। पिछले दो सत्र में उसकी टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही थी।

2015 में थे श्रीलंका टीम के कोच

श्रीलंका की 1996 विश्व कप विजेता टीम के एक प्रमुख सदस्य, वास नई गेंद को स्विंग कराने और विभिन्न परिस्थितियों में सटीक गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते थे। वास इससे पहले तीन बार अलग-अलग कार्यकाल में श्रीलंका की पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में कार्य कर चुके हैं। उनके कोचिंग करियर की शुरुआत न्यूजीलैंड के साथ एक संक्षिप्त अनुबंध से हुई थी। इसके बाद उन्हें 2013 से 2015 तक श्रीलंका का कोच नियुक्त किया गया। वास को 2016 में टी20 विश्व कप के लिए आयरलैंड का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया था। इसके बाद वह फिर से इसी भूमिका में श्रीलंका की टीम से जुड़ गए थे। वास इससे पहले आईपीएल का भी हिस्सा रह चुके हैं।

अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

अमृता ने जीता चांदी भारत को मिले दो पदक



नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय पहलवान अमृता पुजारी को अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिला 72 किग्रा वर्ग के फाइनल में यूक्रेन की इरीना जाब्लोत्स्का के खिलाफ चित होने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इसके साथ ही भारतीय महिला पहलवानों का अभियान दो पदकों के साथ समाप्त हो गया। अमृता मुकाबले में 0-6 से पीछे चल रही थीं, तभी जाब्लोत्स्का ने उन्हें चित कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

भारत की स्वीटी के पास एक और पदक जीतने का मौका था, लेकिन वह 53 किग्रा वर्ग के कांस्य पदक के मुकाबले में यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 0-11 से हार गईं।

वैष्णवी पाटिल रेपचेज में नहीं उठा सकीं फायदा

स्वीटी ने रेपचेज दौर में चीन की शियाओतोंग जेंग को 11-10 से हराकर कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। वैष्णवी पाटिल भी रेपचेज में मिले मौके का फायदा नहीं उठा सकीं। उन्हें जापान की हारुका कोबारू के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले कोमल ने महिला 59 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

पुरुष पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक

भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। शुक्रवार को मुकाबले में उतरे पांचों भारतीय पहलवान पदक की दौड़ तक नहीं पहुंच सके। वैभव पाटिल को 61 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में रोमानिया के गैब्रियल व्हिसेनहंट के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 0-11 से हार का सामना करना पड़ा तो वहीं 74 किग्रा वर्ग में आदर्श पाटिल को अंतिम-16 के मुकाबले में जापान के तोकी ओगावाल ने 6-4 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। अमित का अभियान 86 किग्रा वर्ग में अंतिम-16 में समाप्त हो गया।

जयवर्धने ने छोड़ा मुंबई इंडियंस का साथ

मुंबई। श्रीलंका के दिग्गज खिलाड़ी महेला जयवर्धने ने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। फ्रैंचाइजी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। जयवर्धने जब पहली बार मुंबई के मुख्य कोच बने थे तब उनकी टीम ने तीन खिताब जीते थे। उन्होंने इसके बाद 2025 के सत्र से पहले फिर से मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाली। इससे पहले उन्होंने 2017 से 2022 तक मुंबई को कोचिंग दी थी।' मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा, 'महेला ने वर्षों से मुंबई इंडियंस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका शांतचित्त रहकर नेतृत्व करना, ईमानदारी और खेल के प्रति गहरा लगाव हमारे लिए बहुत मायने रखता है। मैं मुंबई इंडियंस के परिवार की तरफ से महेला का उनके वर्षों के अमूल्य योगदान और अटूट प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करती हूं।'



रणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर आज से कप्तान गिल पर होगी निगाहें

नई दिल्ली/संचार जगत

वनडे कप्तान शुभमन गिल की पंजाब की तरफ से रणजी ट्रॉफी में वापसी रविवार से देशभर में शुरू होने वाले इस घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के दूसरे दौर का मुख्य आकर्षण होगी। गिल पंजाब के पहले दौर के मैच में नहीं खेल पाए थे। उनकी अनुपस्थिति में भारत की अंडर19 टीम के पूर्व कप्तान उदय सहारन ने टीम की कप्तानी की। इस मैच में पंजाब ने असम के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए थे।

सत्र के दूसरे दौर में पंजाब का सामना छत्तीसगढ़ से होगा। गिल का हाल में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 334 रन बनाए। गिल ने दूसरे वनडे में 133 गेंदों पर नाबाद 223 रन बनाए और इस प्रारूप में सबसे तेज दोहरा शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। ग्रुप बी के एक अन्य मुकाबले में कर्नाटक ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल के नेतृत्व में अलूर में सौराष्ट्र का सामना करेगा। इस मैच में उसे बल्लेबाज रविचंद्रन स्मरण की कमी खलेगी, जिन्हें न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है।

ग्रुप बी में शीर्ष पर काबिज हैदराबाद की टीम आंध्र के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी। उसने पहले मैच में त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया था। ग्रुप डी में मुंबई की टीम हिमाचल प्रदेश के खिलाफ उपकप्तान और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के बिना खेलेगी, जो चोटिल हैं।



6 भारतीय खिलाड़ियों ने बनाई कट में जगह

40 लाख डॉलर की गोल्फ प्रतियोगिता में भारत का दबदबा

नई दिल्ली/संचार जगत

स्पेन के यूजीनियो चाकारा ने डीपी वर्ल्ड इंडिया गोल्फ चैंपियनशिप में खराब मौसम के कारण समाप्त हुए दूसरे दौर के बाद एक शॉट की बढ़त बना ली है, जबकि 6 भारतीय खिलाड़ियों ने कट में जगह बनाई। भारत के ओम प्रकाश चौहान, युवराज संधू, अनिर्बान लाहिड़ी, शिव कपूर, करणदीप कोचर और सप्तक तलवार इस 40 लाख अमेरिकी डॉलर इनामी प्रतियोगिता में कट में जगह बनाने में सफल रहे।

चाकारा ने दूसरे दौर में तीन अंडर 67 का स्कोर बनाकर कुल 10 अंडर 134 का स्कोर हासिल किया। स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन ने भी 67 का स्कोर बनाया और उनका कुल स्कोर नौ अंडर 135 हो गया है। पांच खिलाड़ी आठ अंडर 136 के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर है।



मैकलॉय संयुक्त 12वें स्थान पर

उत्तरी आयरलैंड के रॉरी मैकलॉय छह अंडर 138 के स्कोर के साथ संयुक्त 12वें स्थान पर हैं। उनके अलावा आयरलैंड के शेन लोरी (75-65), आरोन राय (69-74), जस्टिन रोज (72-72) और पैट्रिक रीड (75-69) ने भी कट में जगह बनाई। डैनी विलेट अस्वस्थ होने के कारण टूर्नामेंट से हट गए, जबकि रयान फॉक्स (76-70) कट में जगह नहीं बना पाए।

सबसे आगे चौहान

भारतीय खिलाड़ियों में चौहान (68-72) सबसे आगे हैं। वह चार अंडर 140 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 29वें स्थान पर चल रहे हैं। उनके बाद संधू (75-68) और लाहिड़ी (70-73) का नंबर आता है, जो एक अंडर 143 के स्कोर के साथ संयुक्त 53वें स्थान पर हैं। कट हासिल करने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी कपूर (72-72), कोचर (72-72) और तलवार (71-73) हैं। यह तीनों 144 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 63वें स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सात मेजर चैंपियन रहे खिलाड़ियों में से पांच ने कट में जगह बनाई।



कट से चूके अहलावत और शुभंकर

भारत के जो खिलाड़ी कट में जगह नहीं बना पाए उनमें सचिन बैसोया (74-71), राशिद खान (77-69), वीर अहलावत (74-72), शुभंकर शर्मा (76-72), अजितेश संधू (74-78), कार्तिक सिंह (76-76) और शौर्य भट्टाचार्य (78-74) शामिल हैं।

आरएएस एक्जीबिशन त्योहार एडिट का हुआ आयोजन





संचार जगत


जयपुर। जयपुर के क्वींस रोड स्थित केसरी बाग में आरएएस एक्जीबिशन त्योहार एडिट का आयोजन किया गया । प्रदर्शनी की आयोजक प्रियदर्शनी देवड़ा ने बताया कि दो दिवसीय एग्जीबिशन इस प्रदर्शनी में करीब 40 स्टॉल्स में फैशन और शॉपिंग के शौकीनों के लिए बहुत कुछ नया देखने को मिला। यहां एथनिक वियर से लेकर डिजाइनर साड़ियों तक, खूबसूरत ज्वेलरी से लेकर स्टाइलिश बैग्स और पोटली तक कई तरह के



कलेक्शन प्रदर्शित किए गए थे। खास बात यह है कि इस फेस्टिव सीजन में यहां पारंपरिक अंदाज के साथ मॉडर्न फैशन का भी मेल देखने को मिला। अलग-अलग डिजाइन, रंग और स्टाइल के कलेक्शन लोगों को अपनी पसंद के मुताबिक विकल्प चुनने का मौका मिला। फेस्टिव सीजन हो या शादी समारोह की तैयारी, अपने लुक को खास बनाने के लिए लोग अक्सर कुछ अलग और नया तलाशते हैं। ऐसे में इस तरह की एग्जीबिशन फैशन पसंद करने वालों के लिए खास आकर्षण बनी हुई थी।

किशनगढ़बास पीजी कॉलेज लगातार 13वीं बार अंतर महाविद्यालय कबड्डी चैंपियन

संवार जगत



किशनगढ़ बास। राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किशनगढ़ पीजी कॉलेज के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में किशनगढ़ पीजी कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार 13वीं बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। कॉलेज के खेल प्रभारी संजय गोयल ने बताया कि एक दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गंगाश्याम गुर्जर रहे। किशनगढ़ पीजी कॉलेज के अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ ने साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला किशनगढ़ पीजी कॉलेज, किशनगढ़ बास और सरिस्का कॉलेज, राजगढ़ के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में किशनगढ़ पीजी कॉलेज की टीम ने 22-13 के अंतर से जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और अपना चैंपियनशिप खिताब बरकरार रखा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के खेल सचिव डॉ. विक्रम भड़ाना ने सभी टीम प्रभारियों का स्वागत किया तथा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका अनिल जाखड़, गुरदीप चौधरी, सोनू, अविनाश यादव और भूपेंद्र सिंह भड़ाना ने निभाई। आयोजन के दौरान संरक्षक कृष्णपाल भड़ाना, टीम कोच नुरेश वशिष्ठ, संजय गोयल, राजेश यादव, चंद्रभान शर्मा, नरेश वर्मा, हेमंत यादव, प्रीति शर्मा, मुनेश यादव, सुरभि शर्मा, प्रिया वर्मा, नवीन कुमार, सलमा, राकेश कुमार, जयप्रकाश, रंजीत वर्मा और वैभव गोयल सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अंत में किशनगढ़ पीजी कॉलेज के प्राचार्य राम मेहरिया ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया तथा विजेता टीम और खिलाड़ियों को बधाई दी।

कोटा में एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे पर राज्यपाल की शोक संवेदना

संचार जगत

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कोटा में दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

अस्पताल में भर्ती एलके आडवाणी से मिले नड्डा

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी (98) को सीने में संक्रमण के चलते



अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर है। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विनीत सूरी सहित डॉक्टरों की टीम उनकी देखरेख कर रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा नेता जेपी नड्डा अस्पताल पहुंचे और आडवाणी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। अधिकारियों के अनुसार, उन्हें शुक्रवार शाम करीब 7:30

अमेरिका से आई बड़ी खुशखबरी

ट्रंप ने दी रूस पर लगाए तेल प्रतिबंधों में छूट भारत को 100% टैरिफ से मिलेगी राहत

नई दिल्ली/संचार जगत

कार्यकारी आदेश से लिए फैसले में बोले राष्ट्रपति, अमेरिका के राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर अभी के लिए लिया फैसला

अमेरिका से भारत के लिए राहत की एक बड़ी खबर आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से बड़े पैमाने पर तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर लगाए जाने वाले भारी-भरकम प्रतिबंधों और शुल्कों जैसे 100% टैरिफ को फिलहाल हटा दिया है। बीते शुक्रवार देर रात एक कार्यकारी आदेश के जरिए यह निर्णय लेने के बाद उन्होंने बताया कि मैंने यह छूट 'लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' कानून के जरिए दी है और इसे लेकर कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को एक प्रमाणपत्र सौंप दिया है। जिसमें यह स्पष्ट किया कि मेरा यह फैसला सिर्फ अभी के लिए देश के राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

ऐसे में यहां ये उल्लेख करना भी जरूरी हो जाता है कि भविष्य में ट्रंप जब चाहें रूस से जुड़े प्रतिबंधों को फिर से लगा सकते हैं। वहीं, विदेश मंत्री मार्को रुबियो 17 से 22 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। उनके स्वदेश पहुंचने से पहले ट्रंप प्रशासन द्वारा यह अहम जानकारी सार्वजनिक की गई है।

यह छूट 'लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' कानून के जरिए दी



ठीक 24 घंटे पहले लिया यू टर्न

गौरतलब है कि पिछले सितंबर महीने में अमेरिका के राष्ट्रपति ने इस कानून पर हस्ताक्षर किए थे। जिसका एकमात्र उद्देश्य रूस के पेट्रोलियम उत्पादों (तेल, गैस) के दुनिया में टॉप टेन खरीदार देशों (भारत, चीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), तुर्किये, सिंगापुर, हंगरी, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, अजरबैजान और स्लोवाकिया) से अमेरिका को होने वाले सभी तरह के सामान के निर्यात पर सख्त पाबंदियां लगाना था। रूस की अर्थव्यवस्था पर इससे दुष्प्रभाव पड़ेगा और आखिरकार वह यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध को आगे बढ़ाने में सफल नहीं होगा। कानून के मुताबिक अपने इस फैसले को अमलीजामा पहनाने के लिए राष्ट्रपति के पास 30 दिन यानी एक महीने की समयसीमा थी। जिसकी मियाद 18 अक्टूबर 2026 को समाप्त हो रही थी। लेकिन उससे ठीक एक दिन पहले उक्त फैसले की घोषणा कर दी गई है।

सीनेटर ग्राहम के नाम पर रखा नाम

इस कानून का नामकरण राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका के एक पूर्व सांसद लिंडसे ग्राहम के नाम पर रखा था। जो वाशिंगटन डीसी में यूक्रेन के सबसे बड़े समर्थक थे। उनका इसी साल जुलाई महीने में कीव की यात्रा से लौटने के बाद निधन हो गया था। कानून में ऊपर बताए गए देशों से अमेरिका जाने वाले सामान पर भारी भरकम टैरिफ लगाने के अलावा कई रूसी संस्थानों पर प्रतिबंध लगाने, मॉस्को से वाशिंगटन डीसी जाने वाले ऊर्जा उत्पादों पर 500% तक टैरिफ लगाने का बेहद कड़ा प्रावधान किया गया है। पूरी कवायद में अमेरिकी प्रशासन ने रूस की वित्तीय व्यवस्था को डांवाडोल करने की मंशा के साथ रूस के अधिकारियों, बैंकों, ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं तथा सैन्य अभियानों का समर्थन करने वाली विदेशी इकाइयों को निशाना बनाने की तैयार को पुख्ता किया है।

भारत ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया

भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ प्रतिबंधों को हटाने की घोषणा पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। भविष्य में इसकी उम्मीद की जा सकती है। लेकिन टैरिफ के मामले को लेकर विदेश मंत्रालय ने बीते समय में कई मौकों पर देश का रुख साफ किया है। जिसमें ये कहा था कि भारत अपने ऊर्जा उत्पादों का दुनिया के विभिन्न देशों से आयात करता है। हमारे इस निर्णय में 140 करोड़ आमजनता की घरेलू जरूरतों को हर हाल में पूरा करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। जहां तक कच्चे तेल, डीजल के विश्व से होने वाले विविधतापूर्ण आयात का मामला है। तो उसे लेकर हम अपनी जरूरतों की पूर्ति के अलावा वैश्विक बाजारों में बने हुए हालात के आकलन के आधार पर फैसला करते हैं। उधर, ट्रंप पर जब इस कानून पर हस्ताक्षर किए थे। तब भी भारत ने मामले पर अपनी सभी चिंताओं से अमेरिकी प्रशासन को अवगत करा दिया था।

कोलकाता के दुर्गा पंडाल में भगदड़

18 लोगों की मौत, 45 से ज्यादा श्रद्धालु घायल

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अस्पताल पहुंचकर हालात की समीक्षा की, अमित शाह ने दौरा रद्द किया

टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18003455678 जारी किया गया, प्रभावित परिवार इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं

नई दिल्ली/संचार जगत

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के चोरबागान सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार शाम भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 45 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों में चार पुरुष, 13 महिलाएं और सात साल का एक बच्चा शामिल है। हालांकि, कोलकाता मेडिकल



कॉलेज अस्पताल से जुड़े सूत्रों ने मृतकों की संख्या 20 होने का दावा किया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया

नितिन नवीन ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

विदेशी टूलकिट गैंग का मोहरा बनकर देशहित के खिलाफ काम कर रहे राहुल

'कुम्हरार सेवा सहायता पोर्टल-आपका विधायक आपके साथ' एप का किया लोकार्पण

नई दिल्ली/संचार जगत



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह विदेशी टूलकिट गैंग का मोहरा बनकर देशहित के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा को कुछ देशविरोधी ताकतें पचा नहीं पा रही हैं। चुनावी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ना लोकतंत्र और जनमत का अपमान है। नितिन नवीन शनिवार को पटना के कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बनाए गए 'कुम्हरार सेवा सहायता पोर्टल-आपका विधायक आपके साथ' एप के लोकार्पण समारोह

बांग्लादेश के कॉक्स बाजार के रिसॉर्ट में आग, 10 लोगों की मौत, 9 घायल

समुद्र किनारे बने तीन मंजिला लकड़ी के रिसॉर्ट में मची चीख-पुकार

नई दिल्ली/संचार जगत



बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में शनिवार सुबह समुद्र किनारे बने एक तीन मंजिला रिसॉर्ट में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 9 लोग घायल हो गए। चीख-पुकार मच गई। आग सुबह करीब 6:30 बजे कॉक्स बाजार के इनानी स्थित तूपतूप रेस्टो एंड रिसोर्ट में लगी।

लकड़ी से बने तीन मंजिला रिसॉर्ट के पास फायर सेफ्टी लाइसेंस नहीं था और चेतावनी के बावजूद सुरक्षा के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए गए थे। मृतकों में एक ही परिवार के छह सदस्य शामिल थे। फायर सर्विस के प्रवक्ता तल्हा बिन जसीम ने दोपहर 1:30 बजे 10 लोगों की मौत, 9 लोगों के घायल होने की पुष्टि की। शवों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवारों को सौंपने से पहले उनके डीएनए के नमूने लिए जाएंगे। मृतकों में कई बच्चें हैं। घायलों को कॉक्स बाजार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में पांच लोगों के शरीर का करीब 5 प्रतिशत हिस्सा झुलसा है। एक अन्य व्यक्ति गिरने से घायल हुआ था और प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

30 लोग मौजूद थे, 4-5 ही बाहर निकल पाए

तीन मंजिला यह रिसॉर्ट मुख्य रूप से बांस और लकड़ी से बना था और यह कोलाटोली से करीब 29 किमी दूर समुद्र तट वाले इलाके के प्रवेश मार्ग के पास स्थित है। आग लगने के समय रिसॉर्ट में करीब 30 लोग मौजूद थे। इनमें से 4 से 5 लोग बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि बाकी लोगों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। कॉक्स बाजार फायर सर्विस के डिप्टी असिस्टेंट डायरेक्टर सैयद मोहम्मद मोर्शेद हुसैन ने बताया कि आग से पूरा ढांचा जलकर नष्ट हो गया। कॉक्स बाजार के डिप्टी कमिश्नर ए मन्नान ने कहा कि अब तक 6 शव बरामद किए जा चुके हैं। शवों को परिवारों को सौंपने से पहले डीएनए सैंपल लिए जाएंगे। आग लगने की वजह अभी सामने नहीं आई है। मन्नान ने कहा कि फायर सर्विस मामले की जांच कर रही है। कुछ लोगों को शक है कि आग रिसॉर्ट की रसोई से शुरू हुई होगी, लेकिन जांच पूरी होने तक आग के कारण की पुष्टि नहीं की जा सकती।

वेंस से वार्ता, कुछ पल बाद चली गई केटी की नौकरी

वाशिंगटन, आरएनएन। व्हाइट हाउस की नई प्रेस सचिव केटी जकारिया को उनके पद संभालने के सिर्फ 5 दिन बाद ही हटा दिया गया।

इंटरव्यू के दौरान वेंस ने मिलने बुलाया- केटी जकारिया व्हाइट हाउस की नई प्रेस सचिव के तौर पर अपनी योजनाओं के बारे में 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' को इंटरव्यू दे रही थीं, तभी ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार मिलर अचानक उनके पास पहुंचे और उन्हें इंटरव्यू देने से रोक दिया। मिलर ने उनसे कहा कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उनसे बात करना चाहते हैं। कुछ ही देर बाद जकारिया को नौकरी से निकाल दिया गया।

20 पुलिस अफसरों को किया किडनैप

कराची, आरएनएन। पाक के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को हथियारबंद लोगों ने पुलिस ट्रेनिंग सेंटर से 20 ट्रेनी पुलिस अफसरों को अगवा कर लिया। सभी ट्रेनी कलात जिले के एक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे थे। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने अगवा पुलिसकर्मियों की तलाश के लिए बड़े स्तर पर अभियान शुरू कर दिया है। अब तक किसी भी संगठन ने किडनैपिंग की इस वारदात की जिम्मेदारी नहीं ली है।

ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया टैंकर रोमानिया पहुंचा

दूतावास ने बताया- सभी नौ भारतीय सुरक्षित



नई दिल्ली/संचार जगत

रोमानिया के तट के पास ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया रासायनिक टैंकर कॉन्स्टांटा बंदरगाह पहुंचा और इस टैंकर पर सवार सभी नौ भारतीय नाविक सुरक्षित हैं।

बुखारेस्ट स्थित भारतीय मिशन ने शनिवार को यह जानकारी दी। रोमानिया में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि राजदूत मनोज कुमार मोहापात्रा ने रोमानिया की खोज एवं बचाव एजेंसियों, जिनमें एसएआर रोमानिया और एमआरसीसी कॉन्स्टांटा शामिल हैं, के साथ-साथ टैंकर यारा जे के मुख्य सुरक्षा अधिकारी से भी बात की। दूतावास ने कहा, द्यद्यइस बात की पुष्टि हुई है कि जहाज पर सवार सभी नौ भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पोत कॉन्स्टांटा बंदरगाह पहुंच गया है। दूतावास ने बताया कि राजदूत ने चालक दल को भारत सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन और सहायता देने का आश्वासन दिया। पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को बताया था कि 'यारा जे' पर बुधवार को रोमानिया के सुलिना एंकरेज में ड्रोन से हमला हुआ था।

उन्होंने यह भी कहा था कि 15 भारतीय नाविकों को लेकर जा रहे कच्चे तेल के टैंकर 'एमटी एसटी 3' पर शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया। सोनोवाल ने कहा था कि दोनों जहाजों पर सवार सभी 24 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार दोनों घटनाओं पर नजर रख रही है और जहाजों का प्रबंधन करने वाली कंपनियों के संपर्क में है।



स्टारलिंक का जवाब भारत में पांच साल से बना रहे नेटवर्क

नई दिल्ली, आरएनएन। अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने भारत के सैटेलाइट इंटरनेट मार्केट में बहुत जल्द अपनी सेवाएं शुरू करने का दावा किया है। स्टारलिंक ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अपनी तैयारियों का हिसाब-किताब दिया। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट में रिलायंस के उस बयान को भी टैग किया, जिसमें मुकेश अंबानी की कंपनी ने सैटेलाइट कम्युनिकेशन के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का स्वागत किया था, लेकिन साथ ही सभी कंपनियों के लिए भारतीय कानूनों का पालन करना जरूरी बताया था।

मस्क की कंपनी ने दावा किया है कि वह पिछले 5 साल से भारत में रेगुलेटर्स, टेलीकम्युनिकेशन इंडस्ट्री और ऑपरेटर्स के साथ मिलकर काम कर रही है। स्टार्लिंक के मुताबिक, उसने भारत में ही स्पेशल नेटवर्क सिस्टम, गेटवे और अन्य जरूरी बुनियादी ढांचा तैयार किया है, ताकि भारतीय ग्राहकों के इंटरनेट ट्रैफिक को सुरक्षित तरीके से संभाला जा सके। कंपनी ने कहा कि यह पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी सरकारी मंजूरियों के साथ तैयार किया गया है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।